नई दिल्ली
बुधवार, 2 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 28, अंक : 352
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 40
न्यून. 24

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद निकला यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष

भारत-चिली के बीच शुरू होगी पारस्परिक लाभकारी आर्थिक भागीदारी समझौते पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति ग्रैबियल बोरिच के बीच मंगलवार को हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न विषयों के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान प्रदान किया गया। कुल चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक के बाद दिए गए साझा प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज की वार्ता में मैंने और चिली के राष्ट्रपति ने एक पारस्परिक लाभकारी व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर चर्चा शुरू करने के लिए अपनी टीमों को निर्देश दे दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय

स्तर पर दोनों देश सभी तरह के तनावों और विवादों (रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम-एशिया में जारी तनाव का मुद्दा शामिल) का बातचीत के माध्यम से समाधान निकाले जाने को लेकर सहमत हैं। साथ ही दोनों चाहते हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) तथा अन्य संस्थानों में सुधार आवश्यक हैं। हम मिलकर वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देते रहेंगे। उधर, बैठक के बाद विदेश मंत्रालय में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि वर्तमान में दोनों देशों के बीच आंशिक व्यापार समझौता है। जिसे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में बदलने को लेकर चर्चा जारी है।

इन 4 विषयों पर हुए एमओयू

मंत्रालय ने बताया कि भारत और चिली के शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद जिन चार विषयों पर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। उनमें अंटार्कटिका सहयोग पर आशय पत्र, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम से जुड़ा एमओयू, राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बीच आपदा प्रबंधन पर एमओयू के अलावा कोडेल्को और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के बीच हुआ समझौता ज्ञापन शामिल है।

इन विषयों में भी मजबूत होगा सहयोग

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच जटिल खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी पर बल दिया जाएगा। लचीली सप्लाई और वैल्यू चेन को स्थापित करने के लिए काम करेंगे। कृषि क्षेत्र में आपसी क्षमताओं को साझा कर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहयोग किया जाएगा। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, स्पेस सहित अन्य क्षेत्रों में भारत अपना अनुभव चिली के साथ साझा करने के लिए तैयार है। भारत चिली को अंटार्कटिका के मुख्य द्वार के रूप में देखता है। इसी के मद्देनजर सहयोग बढ़ाने के लिए आज एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पीएम ने कहा, हम चिली की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देने के लिए राजी हैं। बैठक में वहां पर आयुर्वेद और परंपरागत दवाओं में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई है। चिली में लगभग चार हजार भारतीय मूल के लोग रहते हैं। जो हमारी साझा विरासत के संरक्षक हैं। दोनों ने वीजा प्रक्रिया के सरलीकरण और छात्रों के आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए प्रयास करने के लिए बैठक में अपनी चर्चा के दौरान जोर दिया है।

तैयार होगी रक्षा मैन्युफैक्चरिंग-सप्लाई चेन

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और चिली के बीच रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे विश्वास का प्रतीक है। दोनों देश इस क्षेत्र में आपसी जरूरतों के मुताबिक रक्षा औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग सप्लाई चेन तैयार करने के लिए आगे बढ़ेंगे। इसके अलावा बैठक में संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद जैसी साझा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए हम दोनों देशों की एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हैं। चिली, भारत का लैटिन अमेरिका का एक महत्वपूर्ण मित्र और भागीदार देश है। आज की चर्चा में हमने आगामी एक दशक में दोनों देशों के सहयोग को बढ़ाने के लिए कई नए कदमों की पहचान की है।

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु गुजरात
शाम 7.30 बजे से

चतुर्थः मां कूष्मांडा

सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

खबर संक्षेप

पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक

अहमदाबाद। कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक है। पूजन के दौरान वह 90 प्रतिशत झुलस गईं। डॉक्टर ने कहा- ब्रेन हेमरेज भी हुआ। फिलहाल उन्हें अहमदाबाद एक निजी अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। हॉस्पिटल के बर्न स्पेशलिस्ट डॉ. गिरीश अमलानी ने स्थिति गंभीर बताते हुए कहा कि व्यास 90% झुलसी है। गिरने से सिर में चोट के कारण ब्रेन हेमरेज भी हुआ है।

बैठक से बर्हिगमन करते हुए बोला विपक्ष, हमारी बात को अनसुना कर मनमर्जी कर रही सरकार

लोकसभा में आज ठीक12 बजे पेश होगा वक्फ संशोधन बिल, बीएसी की बैठक में हुआ फैसला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार (2 अप्रैल) को प्रश्नकाल के तुरंत बाद दोपहर 12 बजे वक्फ संशोधन बिल पेश होगा। संसद भवन में मंगलवार को हुई बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक में इसे सदन में पेश करने का निर्णय लिया गया है। बिल पर कुल 8 घंटे तक चर्चा की जाएगी। जिसके बाद सरकार इसे लोकसभा में पारित कराएगी।

वहीं, इसके पूर्व में बीएसी की बैठक में विपक्षी दलों ने नाराजगी के साथ बर्हिगमन करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्र उनके मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। विपक्ष की बातों को लगातार अनसुना किया जा रहा है। लोकसभा में सरकार मनमर्जी से कार्रवाई चला रही है। विपक्ष ने बिल पर सदन में 12 घंटे की चर्चा की मांग की थी। जिसे खारिज कर दिया गया। गौरतलब है कि बजट सत्र के पहले भाग में बिल को लेकर गठित की गई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों में पेश की जा चुकी है। मौजूदा बजट सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा और सरकार की योजना आगामी तीन दिनों के अंदर ही वक्फ संशोधन बिल को संसद से पास कराने की है। इसी के तहत 2 अप्रैल को बिल को चर्चा के बाद लोकसभा से पारित कराकर 3 अप्रैल को संभवतः राज्यसभा से मंजूरी दिलाने के लिए भेजा जाएगा।

सरकार समय बढ़ाने को तैयारः रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार वक्फ संशोधन बिल पर व्यापक चर्चा कराने के लिए तैयार है। अभी इसके लिए 8 घंटे का समय तय किया गया है। लेकिन आवश्यकता पड़ने पर समय को और बढ़ाया जा सकता है। संसद में हर राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। मामले को लेकर हमने सभी दलों के साथ चर्चा की है।

बहाना बनाकर चर्चा से भागता विपक्ष

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन में चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार है। हम इसके लिए समय बढ़ाने के लिए भी तैयार हैं। लेकिन अगर वह (विपक्ष) कोई बहाना बनाकर चर्चा में भाग नहीं लेना चाहते हैं। तो मैं इसे रोक नहीं सकता हूं। हम चर्चा चाहते हैं। प्रत्येक राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का अधिकार है। आज पूरा देश यह सुनना चाहता है कि वक्फ संशोधन बिल पर किस दल की क्या राय और रुख है? उन्होंने कहा कि यह बात हजारों वर्षों तक संसदीय रिकॉर्ड में दर्ज रहेगी कि किसने संशोधन विधेयक का विरोध किया और किसने समर्थन। 2 अप्रैल को मैं संशोधन बिल को विचार और पारित करने के लिए पेश करना चाहता हूं।

लोकतंत्र में दबती विपक्ष की आवाज: गोगोई

बीएसी की बैठक से बर्हिगमन के बाद पत्रकारों से बातचीत में लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि हम बीएसी की बैठक का बहिष्कार कर बाहर आए हैं। आज पूरा देश यह देख रहा है कि किस तरह से लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है।

वक्फ बिलः भाजपा ने अपने सांसदों को जारी किया व्हिप, आज संसद में रहें मौजूद

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी कर बुधवार 2 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने को कहा है। आज बुधवार को सरकार लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करेगी। दो अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पेश हो सकता है। भाजपा ने अपने सभी सांसदों के लिए व्हिप भी जारी किया है। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर चर्चा करने के लिए आठ घंटे का वक्त निर्धारित किया है। बिल इसके बाद लोकसभा में पेश किया जाएगा। भाजपा ने सभी लोकसभा सांसदों को कल 2 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। 2 अप्रैल को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित करने के लिए पेश किया जाएगा। इससे पहले इस पर सदन में चर्चा होगी। पार्टी की ओर से जारी व्हिप में कहा गया कि बुधवार को सदन में अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य है। उन्हें पारित करने के लिए सभी लोग पार्टी का समर्थन करें और वोटिंग करें। व्हिप में सभी सांसदों से पूरे दिन सदन में ही मौजूद रहने को कहा गया है। भाजपा के पास लोकसभा में 240 सांसद ही हैं। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा में प्रस्तावित चर्चा के बाद अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू जवाब देंगे और विधेयक को पारित कराने के लिए सदन की मंजूरी लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई हैं। पिछले साल बिल पेश करते समय सरकार ने इसे संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा था।

वक्फ विधेयक के बहाने विपक्ष दोनों सदनों में करेगा केंद्र की घेराबंदी संसद में आज भारी हंगामे के आसार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक पर विपक्षी दल राज्यसभा में एकबार फिर केंद्र सरकार को घेरने का प्रयास करेंगे। इसकी रणनीति के लिए इंडिया गठबंधन दलों के दोनों सदनों के के फ्लोर लीडर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। लोकसभा में आज, बुधवार को विधेयक पेश किया जाएगा। सांसदों की गिनती के लिहाज से भले ही भाजपानीत राजग गठबंधन बहुमत में है। विधेयक आसानी से पास करा लेंगे, लेकिन विपक्ष का भारी विरोध देखने को मिलेगा। राज्यसभा में राजग के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। राज्यसभा में विधेयक पारित कराने के लिए 119 सांसदों का वोट चाहिए होगा जब कि भाजपा और साथी दलों को मिलाकर सांसदों की गिनती है 113, मतलब बहुमत से आधा दर्जन सांसद कम।

यहीं पर मामला अटकेगा, लेकिन भाजपा के फ्लोर मैनेजर्स ने पहले भी अल्पमत में होते हुए, विपक्ष की तीखी आलोचना, मुखालफत झेलते हुए विधेयक पास कराने में कामयाब रहे हैं। लोकसभा में राजग गठबंधन के 293 सदस्यों के साथ विधेयक का पारित होना लगभग तय माना जा रहा है। फिर भी आसंदी के लिए विपक्ष की ⏭शेष पेज 5 पर

बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में हंगामा

इस बैठक से पहले आज लोकसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई, जिसमें वक्फ विधेयक पर चर्चा की अवधि और समय तय करना था। इस बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार विधेयक को जल्दबाजी में पेश कर रही है और पर्याप्त चर्चा का समय नहीं दे रही। नतीजतन, विपक्षी सदस्यों ने बैठक से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद यह तय हुआ कि विधेयक पर 2 अप्रैल को लोकसभा में 8 घंटे की चर्चा होगी, जो दोपहर 12 बजे के बाद शुरू होगी।

एसबीआई की सेवाएं रहीं ठप! एटीएम नहीं चले

भोपाल। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सेवाएं मंगलवार को अचानक ठप पड़ गई हैं। अचानक आई इस दिक्कत के चलते यूजर्स को पैसे ट्रांसफर करने, मोबाइल बैंकिंग करने और एटीएम तक की सेवाएं यूज करने में दिक्कत आई। कंपनी ने इस मामले में बयान जारी किया है। एसबीआई ने एक्स पर अपने अकाउंट पर बताया कि एनुअल क्लोजिंग ऐक्टिविटीज के चलते इसकी सेवाएं दोपहर 1 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक प्रभावित रहीं।

बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग, 20 की मौत

मरने वालों में अधिकांश श्रमिक मप्र से,गोदाम में चल रही थी अवैध फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग हादसे में 20 श्रमिकों की मौत हो गई है। हादसे में मृतक श्रमिकों में 14 मध्य प्रदेश के मजदूर बताए जा रहे हैं। ये मजदूर दो दिन पहले ही रोजगार की तलाश में वहां पहुंचे थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। इसमें हरदा जिले के हंडिया के रहने वाले आठ और छह देवास के मजदूरों की पहचान हुई है। मृतकों में बाकी छह लोगों की अभी पहचान होना बाकी है। हरदा जिला प्रशासन ने एडीएम के नेतृत्व में एक टीम गठित की है। इसके लिए प्रशासन और पुलिस की एक टीम को हरदा से बनासकांठा रवाना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मध्यप्रदेश निवासी ⏭शेष पेज 5 पर

- गुजरात सरकार के संपर्क में है मोहन सरकार

सीएम डॉ. यादव ने जताया शोक

अहमदाबाद में 8 को सीडब्लूसी, 9 को एआईसीसी की बैठक

बैठकें:गुजरात के पटेल भवन से निकलेगा कांग्रेस के जीत के मंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक अहमदाबाद के सरदार पटेल भवन में 8 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित है। बैठक कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगी। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सांगठनिक स्तर पर आमूलचूल परिवर्तन की दिशा में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक समिति ठोस निर्णयों पर मुहर लगाती दिखेगी। जिसमें जिला अध्यक्षों को ताकत देकर देश भर की सूबाई सियासत में कार्यकर्ताओं में जोश भरने का मंत्र बैठक से निकलेगा। वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद अगले

ही दिन 9 अप्रैल को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का सत्र भी आयोजित होगा।

गुजरात एक ऐसा राज्य है जहां वर्ष 1`998 से आज तक कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गढ़ में दो दिवसीय बड़े सियासी जलसे का आयोजन कर कांग्रेस देशभर में खासकर साथी दलों के बीच एक मजबूत मैसेज देना चाहती है कि भाजपा को केवल कांग्रेस ही पटखनी दे सकती है। गुजरात से जो भी सियासी हवा चलती है उसका असर पडोसी राज्य महाराष्ट्र पर भी पडती रही है। महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव होने हैं।

उसके लिए भी सियासी शमां बांधने का प्रयास होगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा और उसका नेतृत्व सरदार पटेल, बाबा साहेब अंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस के नाम पर केवल सियासत करते हैं जब कि कांग्रेस पार्टी सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती और 75वां डेथ एनिवर्सरी पर सरदार पटेल को उनकी धरती पर जाकर पार्टी के सभी नेता मन से याद कर शीश नमन करेंगे। उक्त नेता ⏭शेष पेज 5 पर

आम यात्रियों के लिए सुलभ होगी हवाई यात्रा

तो ऐसे होने वाली हवाई यातायात सस्ती

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

राज्यसभा में 'द प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट्स इन एयरक्राफ्ट ऑब्जेक्ट्स बिल 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने इस विधेयक के महत्व और इसके व्यापक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने इस विधेयक को भारत के विमानन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम करार देते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त केप टाउन कन्वेंशन और इसके प्रोटोकॉल को लागू करने की दिशा

में एक ठोस प्रयास है। इस कन्वेंशन का उद्देश्य विमानन उपकरणों की खरीद, पट्टे (लीज़िंग) और वित्तपोषण को सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है। मंत्री ने बताया कि इस विधेयक के लागू होने से विमानन कंपनियों को विमानों और उनके उपकरणों की लीज़िंग में आसानी होगी। उन्होंने कहा, वर्तमान में, भारत में लीज़िंग की लागत अधिक है। विधेयक के कानून का शक्ल अख्तियार करने के बाद, लीज़िंग लागत में 8 से 10 प्रतिशत की कमी आएगी। इसका सीधा असर विमानन कंपनियों के परिचालन खर्च पर पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप हवाई किराया कम हो सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह लाभ अंततः आम यात्रियों तक पहुंचेगा, जिससे हवाई यात्रा अधिक सुलभ और किफायती बनेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह विधेयक भारत को वैश्विक विमानन बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी ⏭शेष पेज 5 पर

चीन ने भारत के साथ मिलकर काम करने पर भी जोर दिया

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बोले, भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को 'ड्रैगन-हाथी टैंगो' का रूप ले लेना चाहिए

भारत-चीन के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर हुआ बधाई संदेशों का आदान-प्रदान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भारत और चीन ने मंगलवार को अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर एक- दूसरे को बधाई संदेश भेजे। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री ली कियांग के बीच भी बधाई संदेशों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। चीन के राष्ट्रपति ने अपने बधाई संदेश में भारत की राष्ट्रपति को कहा कि दोनों देशों के संबंधों को 'ड्रैगन-हाथी टैंगो' (दोनों प्रतीकात्मक जानवरों का मिश्रित डांस) का रूप ले लेना चाहिए। उन्होंने भारत और चीन के साथ

मिलकर काम करने पर भी जोर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने 1 अप्रैल को आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में दोनों देशों के बीच बधाई संदेशों से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। ज्ञात हो कि भारत और चीन वर्तमान में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार साल से अधिक समय तक चले विवाद के समाधान के बाद सेनाओं की अप्रैल 2020 की पुरानी स्थिति में तैनाती के जमीनी क्रियान्वयन में जुटे हुए हैं।

इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच 2024 में रूस के कजान शहर में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए गए निर्देशों का बहुत बड़ा योगदान है। जिनके आधार पर दोनों पक्षों के बीच बीते समय में कई उच्च स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। इनमें सीमाई तनाव घटाने ⏭शेष पेज 5 पर

निगम उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने की प्रभारी के नामों की घोषणा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में तीसरी बार जीरो पर आउट हुई कांग्रेस अब जल्द होने वाले 12 एमसीडी वार्डों के उपचुनावों को लेकर तैयारी करने लगी है। इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने वार्डों के उपचुनावों के लिए 5 सदस्यीय समन्वय समिति और 12 वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी घोषित कर दिया है। यादव ने इन नेताओं को जिम्मेदारी देते हुए साफ निर्देश दिए है कि बेशक उपचुनाव हैं लेकिन इन्हें किसी भी कीमत पर जीतना है। इसलिए जिसे जो जिम्मेदारी दी गई है वह अभी से तैयारी में जुट जाए। जानकारी अनुसार उपचुनावों के लिए समन्वय समिति में पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ, जतिन शर्मा, राजेश गर्ग, अनुज अत्रेय और हाजी जरीफ शामिल है। इसके अलावा प्रभारी सूची में मुंडका विधानसभा के वार्ड 35-मुंडका रोहित चौधरी, शालीमार बाग-बी सतेन्द्र शर्मा, वजीरपुर विधानसभा के वार्ड 65-अशोक विहार परवीन मुगरा, वार्ड-74 चांदनी शरणजीत शर्मा, मटिया महल के वार्ड-76 चांदनी महल जगजीवन शर्मा, मटियाला के वार्ड-120-द्वारका-बी राजेश यादव, नजफगढ़ वार्ड-128 दिचाऊं कलां जे.पी.पंवार, राजिंदर नगर वार्ड-139 नारायणा चरणजीत राय, देवली के वार्ड-163 संगम विहार-ए चंद्रकांत गिरि और वार्ड-164 दक्षिण पुरी जय प्रकाश, ग्रेटर कैलाश अंतर्गत वार्ड-173 ग्रेटर कैलाश नीतू वर्मा सोइन तथा पटपड़गंज विधानसभा के वार्ड-198-विनोद नगर की जिम्मेदारी मुजीब रहमान को दी गई है।

पुलिस ने चोरी के 21 मामलों को सुलझाने का किया दावा

अलग-अलग मामलों में सात वाहन चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

पश्चिम जिला पुलिस वाहन चोरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। हाल के दो मामलों में सात कुख्यात वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 20 दोपहिया वाहन (10 बाइक और 10 स्कूटी) बरामद की गई। पकड़े गये लोगों के नाम अजय, उमेश, प्रिंस उर्फ राहुल , हर्ष उर्फ अंकित, बलराम उर्फ बिट्टू, सुभान खान और मनीष बताये गये हैं। इन गिरफ्तारियों से पुलिस ने चोरी के 21 मामलों को सुलझाने का दावा किया है। ये सभी पहले भी चोरी, झपटमारी और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में शामिल रहे हैं।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार क्षेत्र में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए पश्चिम जिला पुलिस की टीमें लगातार काम कर रही हैं। इसी कड़ी में रविवार को राजौरी गार्डन, मोती नगर और ख्याला थाना क्षेत्रों में अजय, उमेश और मनीष को पकड़ा गया। इनसे 10 दुपहिया वाहनों के साथ एक चाकू भी बरामद हुआ। अजय को सुभाष नगर में स्कूटी खींचते हुए, उमेश को ईएसआई अस्पताल के पास और मनीष को गंदा नाला रोड पर बाइक के साथ दबोचा गया। वहीं सोमवार को एक अन्य कार्रवाई में एएटीएस, पंजाबी बाग और ख्याला थाना पुलिस ने हर्ष, प्रिंस, बलराम और सुभान को गिरफ्तार किया। इनके पास से भी 10 वाहन और एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टीमें गश्त करने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूचनाओं का सहारा भी ले रही थी। सभी आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इनमें से अजय 10, प्रिंस 20 और बलराम 11 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है।

नशे के लिए वाहन चोरी करता शख्स धरा

द्वारका जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने भी एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की दो बाइक बरामद की गई। आरोपी का नाम चंद्र विहार निवासी हेमंत उर्फ विक्की बताया गया है। पुलिस पूछताछ में इसने बताया कि वह नशे की लत का शिकार है। नशे के लिए पैसे जुटाने के लिए वहन चोरी करता था।

झंडेवालान एक्सटेंशन की एक इमारत में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

■ कई गाड़ियां जलकर खाक

मध्य दिल्ली के झंडेवालान एक्सटेंशन में एक इमारत में मंगलवार दोपहर लगी भीषण आग में कई कारें जलकर खाक हो गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 25 गाड़ियां तैनात की गई थी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है।

दमकल विभाग के चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि अपराह्न दो बजकर 27 मिनट पर 3/1 नंबर में स्थित 'अनारकली कॉम्प्लेक्स' में आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया, हमने तुरंत दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग बुझाने का काम शुरू किया गया लेकिन आग की भयावहता को देखते हुये और गाड़ियां भेजी गई। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि आग पास के डीडीए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तक फैल गई। मौके पर दमकलकर्मी और पुलिसकर्मी मौजूद हैं। डीसीपी ने बताया कि घटनास्थल के पास खड़ी कई कारें जलकर खाक हो गई। उन्होंने बताया कि आग पास के एक बैंक तक भी फैल गई।

सीलमपुर इलाके की झुग्गी बस्ती में लगी आग

न्यू सीलमपुर इलाके में मंगलवार सुबह झुग्गी बस्ती में आग लग गई। आग बुझाने के लिये दमकल की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद आग बुझा दी गई। इस घटना के किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि यह आग जग परवेश अस्पताल के पास सुबह सात बजकर 35 मिनट पर लगी थी। सवा आठ बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आग की चपेट में चार से पांच झोपड़ियां आ गई।

ईद की दावत में गया था परिवार, चोरों ने किया घर साफ

नई दिल्ली। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में घर में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ईंद की दावत पर गया था और पीछे से चोर घर की कुंडी तोड़कर नकदी और सोने चांदी की जूलरी पर हाथ साफ कर गये। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बाबर मुस्तफा कल परिवार के साथ अपनी बहन के घर ईंद की दावत पर गया था। शाम करीब पौने चार बजे वापस लौटे तो घर के गेट पर लगी कुंडी टूटी हुई थी। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। तिजौरी का लॉक भी टूटा हुआ था। उसमें करीब 40 हजार रुपये, सोना चांदी के जेवरात, स्टील की गुल्लक जिसमें करीब साढ़े 20 हजार रुपये थे गायब थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के अलावा क्राइम व एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। केस दर्ज कर पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान का प्रयास कर रही है।

मेट्रो में नौकरी के नाम पर ठगी सात साल बाद एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

यमुनापार इलाके के एक थाने में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल मेट्रो में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सात साल बाद केस दर्ज किया गया है। यह केस नॉर्थ ईस्ट जिले के ज्योति नगर थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

मिली जानकारी व दर्ज हुई एफआईआर के मुताबिक 28 वर्षीय पीड़ित दीपा वेस्ट ज्योति नगर इलाके में रहती है। सात 2018 में एक जानकार युवक नीरज ने उन्हें झांसा दिया कि तीनों बहनों की नौकरी दिल्ली मेट्रो में लगवा देगा। उसने इसके लिये 25 हजार रुपये सिक्युरिटी मनी के तौर पर लिये थे। साथ ही कहा कि उसके बाद लिखित परीक्षा और इंटरव्यू होगा। नीरज ने 25 हजार सिक्युरिटी मनी लेने के बाद सभी जगह पास करवाने की गारंटी ली थी। इसके बाद नीरज ने उन्हें ईमेल पर एक नियुक्ति पत्र भेजा, जिसमें 18 जून से नियुक्ति की बात लिखी थी। साथ ही उसमें सिक्युरिटी अमाउंट का भी जिक्र था। हालांकि तीनों बहनों का कोई इंटरव्यू या पेपर नहीं हुआ था, इसलिये उन्हें नीरज पर शक होने लगा। इसके बाद वह जॉइनिंग के नाम पर उन्हें टालता रहा। दीपा ने रुपये मांगे तो वह आज कल करता रहा। परेशान होकर पीड़ितों ने 18 अगस्त 2018 को आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। इसके बाद दीपा ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 18 मार्च 2025 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने मामले में केस दर्ज करने का आदेश पुलिस को दिया। जिसके बाद अब जाकर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप यह भी है कि आरोपी ने इसी तरीके से कई और लोगों को चूना लगाया है। इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किये हैं।

ग्रामीणों ने विधायक का किया सम्मान, गिनाई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित सिंघू गांव में पहली बार पहुंचे क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजकरण खत्री का ग्रामीणों ने पकड़ी बांधकर फूलमालाओं से स्वागत किया और फिर इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के सामने गांव की समस्याएं रखीं। आरडब्ल्यूए महासचिव राजेंद्र सिंह ने समस्त ग्रामीणों की तरफ से बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव सिंघू के लिए बने रोड़ की खस्ता हालत है जिसमें काफी गड्ढे हो चुके हैं, रोड़ पर पैदल चलना भी मुश्किल है। वाहन चलते समय गड्ढों में निचला हिस्सा जमीन में टिक जाता है जिससे काफी वाहनों को नुकसान और लोगों को चोटिल होना पड़ रहा है। गांव में बने सामुदायिक भवन के खुले प्रांगण में हाईमास्ट लाइट लगवाई जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव सिंघू तक बने पहुंच रोड के बीचों बीच लगे हाईटेंशन लाइन के पोल हटाए जाए।

आरडब्ल्यूए महासचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि सफाई व्यवस्था को बेहतर कराए, नाले नालियों की सफाई नहीं हो रही है साथ ही ढलाव घर नहीं होने से लोग परेशान हैं। निगम बाल विद्यालय के साथ बने पार्क के साथ लगे ट्रांसफार्मर से हरियाणा की सीमा तक बने रोड़ की हालत बहुत ही खराब स्थिति में है जबकि इस रोड़ पर सुबह शाम को यातायात एव पैदल चलने आम लोगों की भरमार रहती है। रोड़ खराब होने की स्थिति के कारण पैदल चलने वाली आम जनता को ही परेशानी ही नहीं होती है आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना होती रहती है। इस रोड़ को जल्द से जल्द पुनः निर्माण कर काला तारकोल रोड़ी का बनवाने का कष्ट करे। वहीं, विधायक राजकरण खत्री ने समस्याओं को जल्द हल कराने का आश्वासन दिया।

ऑटो टैक्सी चालकों के साथ भाजपा सरकार का छल, एक अप्रैल से फिटनेस फीस बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन ने दिल्ली की नई भाजपा सरकार पर आरोप लगाए है कि उसने दिल्ली के ऑटो टैक्सी चालकों के साथ छल किया है। यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने कहा कि दिल्ली के ऑटो टैक्सी चालकों के साथ भाजपा सरकार का छल कपट और अमृत काल का झूठा छलावा महंगा साबित होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली की नव निर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ने बिना किसी पूर्व सूचना या अधिसूचना के ही ऑटो टैक्सी चालकों को फिटनेस जांच के नाम पर 1 अप्रैल से फीस वसूली शुरू कर दी है। जबकि पूर्व की सरकार में 1 सितंबर 2019 से कोई फिटनेस जांच फीस शुल्क चार्ज नहीं था। वर्मा ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि ऑटो टैक्सी चालकों के विकास व राहत के लिए कई कदम उठाएगी। लेकिन सीएम रेखा गुप्ता ने सरकार बनने के चंद दिनों बाद ही ऑटो टैक्सी चालकों के साथ छल करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में भाजपा सरकार परिवहन क्षेत्र में कई नए टैक्स व फीस आदि लगाकर चालकों की कमर तोड़ देगी। उन्होंने बताया कि रेखा सरकार ने ऑटो टैक्सी चालकों को नए वित्त वर्ष में फिटनेस फीस 300 रुपए एवं प्रतिदिन पेनल्टी 20 से बढ़कर 50 रूपए कर दी है जिसकी संगठन कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को दिल्ली सरकार ने परिवहन पोर्टल को ही बदल दिया है। इसको लेकर संगठन और ऑटो टैक्सी चालकों में भाजपा सरकार के प्रति भारी नाराजगी और आक्रोश है। वर्मा ने चेतावनी दी है कि अगर इस फैसले को वापस नहीं लिया गया तो रेखा गुप्ता सरकार के खिलाफ दिल्ली के तमाम ऑटो टैक्सी संगठन चालक सड़कों पर आंदोलन करेंगे।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहजहाँ, पुत्रः** श्री बरज़ान, **पताः** एफ–6, झुग्गी नंबर 553, एचजीआई लेबर सी, राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 540/2021, U/s 12/9/55 G. Act, थानाः राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहजहाँ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहजहाँ** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 540/2021, U/s 12/9/55 G. Act, थानाः राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहजहाँ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी – 03
कोर्ट नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3969/OD/2025
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोहित,** पुत्र श्री जय प्रकाश, निवासी- A-1/87 सुल्तानपुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 309/2017 धारा 392/34 भा.द.स थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहित, प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 309/2017 धारा 392/34 भा.द.स थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 02.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07 (पश्चिम)
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/3348/OD/2025

गुरुद्वारा राजौरी गार्डन में बच्चों की गुरबाणी कंठ प्रतियोगिता हुई, विजेताओं को बांटे पुरस्कार

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली स्थित गुरुद्वारा राजौरी गार्डन में मंगलवार को बच्चों की गुरबाणी कंठ प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सुखमनी साहिब का पाठ ज़ुबानी याद करके सुनाया। इस बारे में गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष हरमनजीत सिंह ने बताया कि धर्म प्रचार के मुखी दलीप सिंह सेठी, बीबी सतनाम कौर, सतिंद्र कौर व अन्य के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित हुआ। सेठी ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में बच्चों की नितनेम, गुरबाणी कंठ की कक्षाएं निरन्तर चलाई जाती हैं जिसमें बच्चे गुरबाणी पाठ, अरदास, शब्द कीर्तन आदि की सिखाते हैं और समय समय पर उनके गुरबाणी कंठ मुकाबले करवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में आगे भी इस तरह के गुरबाणी कंठ मुकाबले करवाए जायेंगे। इस मौके पर प्रबंधकों द्वारा बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें नकद पुरस्कार सहित अन्य पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। जबकि संगत ने गुरुद्वारा साहिब कमेटी एवं खासकर धर्म प्रचार की इस मुहिम की सराहना की।

कपिल मिश्रा 2020 के दंगों में संलिप्तता की स्वतंत्र जांच के लिए पद से इस्तीफा दें: यादव

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा की 2020 के दंगों में कपिल मिश्रा की संलिप्तता की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच हेतु उनको तुरंत प्रभाव से मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दंगों में कपिल मिश्रा की कथित संलिप्तता को लेकर आगे की जांच के आदेश दिए हैं। आज राउज एवेन्यू कोर्ट ने पाया कि मिश्रा के खिलाफ संज्ञेय अपराध का मामला बनता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैभव चौधरी ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया है कि मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच आवश्यक है। क्योंकि उनके खिलाफ संज्ञेय अपराध का मामला पाया गया है। यादव ने कहा कि यदि भाजपा और कपिल मिश्रा में जरा सी भी नैतिकता बची है तो उन्हें मंत्री पद से तुरंत प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए। मिश्रा के मंत्री पद पर रहते हुए निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को संवैधानिक पदों की गरिमा की रक्षा करनी चाहिए जबकि पिछली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी मंत्री के खिलाफ जांच के आदेश के बाद उसे नजरअंदाज किया था। यादव ने कहा कि यह स्पष्ट है कि दिल्ली को दंगों की आग में झोंकने के लिए भाजपा और अरविंद केजरीवाल समान रूप से जिम्मेदार हैं।

सीएम ने मध्य रात्रि में बाहरी रिंग रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

मानसून से पहले गड्ढा मुक्त होगा रिंग रोड : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

मानसून से पहले दिल्ली का रिंग रोड गड्ढा मुक्त होगा। इस बाबत सभी एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इस बात की जानकारी सीएम रेखा गुप्ता ने मध्य रात्रि निरीक्षण करने के दौरान कही। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मध्य रात्रि समयपुर बादली पुलिस स्टेशन के पास बाहरी रिंग रोड पर मधुवन चौक से मुकरबा चौक तक चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएम ने मौके पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर और उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और जनता की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर विधायक दीपक चौधरी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहरी रिंग रोड पर मधुवन चौक से मुकरबा चौक तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क मार्ग के सुदृढ़ीकरण के चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति को सुनिश्चित करने के लिए यह निरीक्षण किया है। इस परियोजना के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी उत्तरी जोन के तहत एलिवेटेड कॉरिडोर के साथ मधुवन चौक से मुकरबा चौक तक बाहरी रिंग रोड के दोनों ओर सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य कोल्ड मिलिंग और हॉट रिसाइक्लिंग विधि के माध्यम से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत 12.85 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड के दोनों ओर सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसमें पहली परत में डेंसबिटुमिनमैकेडम (डीबीएम) और दूसरी परत में डेंसब्रिटुमिनकंक्रीट (डीबीसी) का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही सड़क पर कोल्डमिलिंग अर्थात सड़कों का स्तर बनाए रखने के लिए मौजूदा परतों को हटाने का कार्य किया जा रहा है। सड़क की सतह पर थर्मोप्लास्टिक पेंट, ग्लो स्टड्स और मीडियन मार्कर्स लगाए जा रहे हैं, जिससे रात में दृश्यता बेहतर हो। और एलिवेटेड फ्लाईओवर के पास स्टोन मैट्रिक्स अस्फाल्ट (एसएमए) की 50 एमएम मोटाई की परत डाली जा रही है। साथ ही आज हमने इस कार्य का निरीक्षण और उद्घाटन किया, ताकि इसे मानसून से पहले पूरा किया जा सके। हमारा संकल्प है कि पूरे रिंग रोड को गड्ढा मुक्त बनाया जाए, जिससे दिल्लीवासियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल सके। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हारट्रोन	भौतिक दस्तावेजों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन और राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से मेटा डेटा तैयार करने के लिए दर अनुबंध।	01.04.2025 21.04.2025	95 लाख (निविदा राशि 2 लाख (ईएमडी राशि)	https://hartron.org.in https://etenders.hry.nic.in	Sh. Rajbir Singh, Coordinator 9416220395 sddhartron@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33517/I/88/7 दि. 01.04.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प सोनीपत	सोनीपत जिले में ड्रेन नं. 8 के ऊपर हाई लेवल ब्रिज का निर्माण, एचएसवीपी रोड क्रॉसिंग पर (टीडीआई सिटी) से एचएसआईआईडीसी रोड कुण्डली औद्योगिक क्षेत्र।	29.03.2025 15.04.2025	630.16 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प कैथल	गांव जसवंती जिला कैथल में राजकीय पशु चिकित्सा हस्पताल का निर्माण।	बंद होने की तिथि 17.04.2025	30.06 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प हांसी	जिला हिसार में हांसी में सिविल हस्पताल की विशेष मरम्मत (बिना जीएसटी)।	31.03.2025 09.04.2025	352.30 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in
4	लोनिवि भ व प करनाल	जिला पानीपत के समालखा में न्यायिक परिसर में अतिरिक्त पीटीजैड और बुलेट कैमरा का प्रावधान + 3 कार्य।	01.04.2025 07.04.2025	40.34 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in
5	लोनिवि भ व प करनाल	जिला पानीपत के सिविल हस्पताल में एमसीएच ब्लॉक के भवन का निर्माण (केवल शेष एचवीएसी) का प्रावधान।	01.04.2025 10.04.2025	157.68 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in
6	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	मथाना 49.99 गांव मथाना ब्लॉक पिपली जिला कुरुक्षेत्र में ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाई बीपीएचयू का निर्माण + 2 कार्य।	29.03.2025 18.04.2025	125.71 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
7	जिला परिषद अम्बाला	गांव पिलखनी खण्ड साहा (अम्बाला) में एसएचसी का निर्माण।	28.03.2025 07.04.2025	54.96 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0171-2975281 zpexenambala@gmail.com
8	बागवानी विभाग (एक्सीलेंस सेंटर) घरौंडा (करनाल)	श्रम जॉब वर्क निविदा।	02.04.2025 02.05.2025	ईएमडी 120000	https://etenders.hry.nic.in	9996788004 ddh.cev@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/33522/I/88/7 दि. 01.04.25

'दिल्ली में बिजली की व्यवस्था को हमने किया पहले से ज्यादा बेहतर'

झूठ बोलकर दिल्ली की शांति भंग करने वालों के खिलाफ की जाएगी कानूनी कार्रवाई : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव 'दिल्ली में बीजेपी की सरकार आने के बाद दिल्ली की बिजली व्यवस्था खराब हुई है' का जवाब देते हुए दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि कोई झूठ बोलकर दिल्ली की शांति- व्यवस्था भंग करेगा। उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मैं बहुत विनम्रता के साथ आतिशी मार्लेना के लगाए गए सभी आरोपों का खंडन करता हूं। मैं तथ्यों के साथ किसी भी मंच पर साबित कर सकता हूं कि दिल्ली में बिजली की व्यवस्था हमने पहले से ज्यादा बेहतर किया है। हालांकि इस दौरान विपक्ष के सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे। ऊर्जा मंत्री सूद ने कहा कि आतिशी ने दिल्ली की शांति व्यवस्था को भंग करने के लिए फेक अकाउंट के माध्यम से बिजली कट का जो षडयंत्र रचा है वह जनता को बरगलाने वाला है। और दिल्ली का माहौल बिगाड़ने का प्रयास है। फेक डाटा और फेक नैरेटिव का सहारा लेकर दिल्ली में विपक्ष के नेता, आतिशी मार्लेना और अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता में झूठ फैला रहे हैं। एवं अशांति का वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के झूठे अकाउंट का सहारा लेकर जिनमें कुछ अकाउंट होल्डर के मात्र चार-पांच फॉलोवर ही हैं। ऐसे अकाउंट को अरविंद केजरीवाल और आतिशी ट्वीट कर रही हैं कि दिल्ली में बिजली पहले नहीं जाती थी। अब घंटों जा रही है। जबकि पिछली सरकार में एक साल में एक घंटे से ज्यादा बिजली 21597 बार बिजली गुल हुई। आतिशी सुबह से कई वीडियो डाल चुकी हैं कि उनके घर की भी कई बार बिजली जा चुकी है। यदि उनके शासनकाल में बिजली नहीं जाती थी तो शीश महल में 200 किलोवाट का जनरेटर क्यों लगाया गया। आतिशी मार्लेना के मकान नंबर एबी-17 में एक बड़ा डीजी सेट क्यों लगाया गया था। सूद ने जवाब देते हुए कहा कि किसी भी बिजली के सिस्टम में सुधार करने के लिए कुछ वक्त लग जाता है। हमने भी आने वाली गर्मी को देखते हुए ट्रांसफार्मरों का तेल बदलने के लिए, नए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए, तारों के ज्वाइंट को ठीक करने के लिए, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए बिजली की कटौती कर रहे हैं। वे लोग इसलिए शोर मचा रहे हैं कि सरकार विपक्ष के दबाव में आकर बिजली में हो रही सुधार और कटौती को रोके। और इसलिए गर्मी की जो तैयारियां करनी हैं वह हम नहीं कर पाएं।

मंत्री सूद ने कहा कि हम झूठ फैलाकर फेक अकाउंट के माध्यम से, फेक डाटा के माध्यम से और झूठे प्रचार के माध्यम से जनता को डराकर, दंगे कराने की किसी भी प्रयास की हम निंदा करते हैं। हम इस पर कानूनी कार्रवाई करेंगे और बीएनएस की धारा के अंतर्गत कार्रवाई भी की जाएगी। चाहे वो कानूनी कार्रवाई कितने भी बड़े नेता हो, पूर्व मुख्यमंत्री हो, पूर्व मंत्री हो, जो कानून को हाथ में लेगा बीएनएस की धारा के तहत उस पर कार्रवाई करने के तरीकों को ढूंढा जाएगा। और कार्रवाई जरूर की जाएगी।

कैग की रिपोर्ट में खुलासा, वाहन प्रदूषण नियंत्रण में लापरवाह रही पिछली सरकार : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा पेश की गई 'दिल्ली में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण' पर रिपोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने के पीछे प्रमुख कारणों के रूप में प्रमुख नीतिगत कमियों और कमजोर क्रियान्वयन तथा एजेंसियों के बीच खराब समन्वय को उजागर किया गया है। भोजनवाकाश के बाद सीएजी की रिपोर्ट पर जैसे ही मनजिंदर सिंह सिरसा ने चर्चा शुरू की विपक्ष के सदस्यों ने गतिरोध शुरू कर दिया। स्पीकर ने इसे गैर जिम्मेदार बताया। गतिरोध बढ़ता देख सदन की बैठक दस मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सदन जब शुरू हुआ तो विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जब सीएजी रिपोर्ट आती है तभी विपक्ष का रवैया ऐसा होता है, शोरगुल करते हैं, कार्यवाही को बाधित किया गया। मैं विपक्ष से अनुरोध करूंगा कि वे सदन में आकर चर्चा करें। हालांकि इस दौरान विपक्ष के सदस्य सदन में नहीं आए। इस कैग की रिपोर्ट पर चर्चा में भाग लेते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पिछली सरकार ने पर्यावरण नियमों को दरकिनार कर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया। 1.08 लाख से अधिक ऐसे वाहनों को प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसी) जारी कर दिया गया, जो तय मानकों से अधिक प्रदूषण फैला रहे थे। मंत्री सिरसा ने बताया कि कैग रिपोर्ट में 76,865 वाहनों की प्रदूषण जांच एवं पीयूसी सर्टिफिकेट मात्र एक मिनट में पूरी की गई जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं। मंत्री सिरसा ने बताया कि डीटीसी बसों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई। कुल उपलब्ध बसों में से 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत बसें लगातार रिपेयर और मेंटेनेंस के चलते चल नहीं पाईं। पिछली सरकार ने रूट रेशनलाइजेशन अध्ययन के लिए 3 करोड़ रुपये आवंटित किए, लेकिन पैसा खर्च होने के बाद यह योजना अधूरी छोड़ दी गई। वहीं मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन में कमी के कारण दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई, इस दौरान दो पहिया वाहनों की संख्या मार्च 2021 तक 81 लाख हो गई एवं कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या 69 लाख से बढ़कर 1.30 करोड़ हो गई। निजी वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण दिल्ली में प्रदूषण में इजाफा हुआ। इस चर्चा में मंत्री से पहले सत्तापक्ष के सदस्य हरीश खुराना और सतीश उपाध्याय ने भी भाग लिया। हालांकि इस कैग की रिपोर्ट पर चर्चा आज बुधवार को भी जारी रहेगी।

विधानसभा में उठा मस्जिदों के अवैध अतिक्रमण का मुद्दा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को मस्जिदों के अवैध अतिक्रमण का मुद्दा सदन में उठा। शकूर बस्ती से सत्तापक्ष के सदस्य करनैल सिंह ने नियम 280 के तहत मस्जिदों द्वारा सरकारी जमीन पर किये जा रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया और सरकारी जमीन पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली विकास प्राधिकरण, डीडीए की जमीन पर मस्जिद बनी है और मस्जिद प्रबंधन की ओर वक्फ की जमीन बता कर अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह इस मामले की जांच करवाएं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर मंदिरों को तुड़वाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आपदा सरकार के मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंदिरों को तोड़ने का आदेश दिया और भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा मंदिरों को तोड़ रही है। करनैल सिंह के इस बयान पर आप विधायकों ने आपत्ति जताई और सदन में कुछ देर तो हंगामे जैसे हालात होने लगे हालांकि स्पीकर ने गतिरोध शांत कर दिया। करनैल सिंह ने कहा कि मेरी जानकारी में चार ऐसी जगहें हैं, जहां पर मस्जिदों की ओर से अतिक्रमण किया जा रहा है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि ऐसी मस्जिदों के खिलाफ कार्रवाई करें और सरकारी जमीनों को हड़पे जाने से बचाएं। दिल्ली की सभी वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की जांच कराई जानी चाहिए।

मंत्री इंद्राज ने रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसायटीज के कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मंगलवार को संसद मार्ग स्थित रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसायटीज के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अभिलेखों की जांच करते हुए सहकारी समितियों के पंजीकरण और लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री इंद्राज ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता के आदेश हैं कि पेंडिंग आवेदनों का निस्तारण तय समय सीमा में हो। आवेदकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, प्रक्रिया को डिजिटल करें। मंत्री इंद्राज ने अधिकारियों से आवेदनों के निस्तारण से सम्बन्धित जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि सभी अधिकारी समय से कार्यालय पहुंचें और आवेदकों को निस्तारण प्रक्रिया की पूरी जानकारी उपलब्ध हो। आवेदकों के लिए कैंपस में मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हों। वहीं रविन्द्र इन्द्राज ने परिसर में लगने वाली शहीद भगत सिंह की भव्य प्रतिमा की भी जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि 'विकसित दिल्ली' संकल्प की दिशा में प्रदेश सरकार स्व सहायता समूह की बहनों को अपने उत्पाद हाउसिंग सोसायटीज में बेचने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करने जा रही है।

पूसा संस्थान ने स्थापना दिवस पर 120 वर्षों की कृषि उत्कृष्टता का मनाया जश्न

नई दिल्ली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईएआरआई), नई दिल्ली ने अपने 120वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया। इस समारोह में 1905 में स्थापना के बाद से भारतीय कृषि में इसके उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों, प्रख्यात वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों और छात्रों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अनुसंधान, नवाचार और सतत कृषि विकास में संस्थान की विरासत को सराहा। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद आईसीएआर-आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी. एच. श्रीनिवास राव ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अनुसंधान, शिक्षण और विस्तार सेवाओं में संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए इसके सार्वजनिक-निजी भागीदारी, प्रौद्योगिकी विकास और पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन संस्थान में संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. आर.एन. पडरिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

दिल्ली नगर निगम के 224 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के 224 कर्मचारी मंगलवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। निगम प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

अप्रैल के अंतिम सप्ताह मिलेगा दिल्ली को नया महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में महापौर और उप महापौर पद के चुनाव के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। निगम मुख्यालय के सचिवालय से मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार इस अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह यह चुनाव हो सकते हैं और जल्द ही इस संबंध में प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। निगम का अगला संभावित महापौर कौन होगा, इसकी पुष्ट जानकारी नामांकन प्रक्रिया के दौरान ही मिल पाएगी। वहीं, देखा जाए तो दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान सत्तापक्ष आम आदमी पार्टी के पार्षदों का भाजपा में शामिल होने के बाद यहां निगम में आम आदमी पार्टी का गणित बिगड़ चुका है और अब निगम में भाजपा का संख्याबल अधिक है जिसके चलते भाजपा का महापौर बनना लगभग तय माना जा रहा है। लेकिन निगम सूत्रों की मानें तो दिल्ली नगर निगम में भी जमकर राजनीति होती है और आगामी मानसून के सीजन को देखते हुए और बारिश से निबटने की पूर्ण तैयारी नहीं हो पाने के चलते पार्टी अपने पार्षदों से कह सकती है कि किस पार्टी के प्रत्याशी को अपना कीमती वोट देना है।

प्रदूषण के नाम पर हजारों करोड़ का हुआ घोटाला : देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि प्रदूषण के नाम पर हजारों करोड़ का घोटाला हुआ है। जबकि सत्तारूढ़ दल भाजपा और मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी की आपसी मिलीभगत के चलते दिल्ली की जनता बुरी तरह त्रस्त है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सदन में आई कैग रिपोर्ट में आम आदमी पार्टी की पूर्व सरकार के हजारों करोड़ा के भ्रष्टाचार की पोल खुली, लेकिन सत्ता में बैठी भाजपा ने इस घोटाले पर कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है लेकिन दोनों पार्टियां इस मुद्दे पर जिम्मेदारी लेने से बच रही है। विपक्ष की नेत्री चर्चा से ही नदारद रहती है और अरविंद केजरीवाल दिल्ली से लगातार गायब है।

शहरी विकास सलाहकार डीएस ढेसी की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक

जेवर व दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के साथ एफएनजी पर हुई गंभीर चर्चा

शहरी विकास सलाहकार डी एस ढेसी ने बताया कि एफएनजी परियोजना के अनुसार फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद और गुरुग्राम को सीधे कनेक्ट करने के लिए एक सीधी सडक़ बनाई जानी है, जिससे गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद आना-जाना आसान हो जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

शहरी विकास सलाहकार डीएस ढेसी की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में जेवर व दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे और एफएनजी संबंधी सड़क परियोजना पर उपायुक्त विक्रम सिंह और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

नोएडा व गाजियाबाद आना-जाना होगा आसान-

ढेसी ने बताया कि एफएनजी परियोजना के अनुसार फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद और गुरुग्राम को सीधे कनेक्ट करने के लिए एक सीधी सड़क बनाई जानी है, जिससे गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद आना-जाना आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यमुना नदी पर नए पुल को बनाने के मंजूर दे दी है इसके साथ ही एफएनजी एक्सप्रेस.वे जो कि लगभग 10 किमी हरियाणा में और लगभग इतना ही यूपी का भाग है।

यमुना नदी पर नए पुल को बनाने के मंजूरी

उन्होंने कहा कि यह भी देखा जाए नोएडा जाने के लिए मुंबई एक्सप्रेस वे और जेवर एक्सप्रेस-वे का इस्तेमाल करना कितना कारगर है। उन्होंने कहा कि एफएनजी की सार्थकता के लिए हर प्रकार की स्टडी व रिपोर्ट का सही आकंलन व अध्ययन करना आवश्यक है। इसके लिए ट्रैफिक सर्वे के साथ ही फरीदाबाद मोबिलिटी प्लान की स्टडी जरूरी है। इसी तरह एनसीआर कमेटी की ओर से एफएनसी की जरूरत को लेकर की गई टिप्पणी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कालिंदी कुंज पर लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि इस दिशा में अधिक डेटा स्टडी कर क्रियान्वयन के प्रयास तेज किए जाएंगे। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेवर एयरपोर्ट से यमुना और यमुना से केजीपी पर जो काम चल रहा है उनको समयानुसार पूरा कर लें। छांयसा से फरीदाबाद आने वाली सडक़ का भी सुधार सही ढंग से करें।

नौंवी हिन्दू एकता भगवा रैली छह की, तैयारियां पूरी

फरीदाबाद। श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में गौरक्षा बजरंग फोर्स द्वारा नौंवी हिन्दू भगवा एकता रैली को लेकर आज रैली संयोजक एवं हिन्दूवादी नेता बिट्टू बजरंगी ने एक प्रैस वार्ता कर रैली की तैयारियों की जानकारी दी.बिट्टू बजरंगी ने बतायाा कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी के उपलक्ष्य में गौरक्षा बजरंग फोर्स हिन्दू भगवा एकता रैली आयोजित करता है। रैली में मुख्य रूप से हिन्दू वादी नेता सुरेश चव्हाण व जूना अखाड़े के संत पहुंचे।

15सौ करोड़ चुकता कर ऋण मुक्त हुआ जीडीए

उपाध्यक्ष के नेतृत्व में 2024-25 में रचा नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

बापूधाम योजना के लिए 800 करोड़ रुपए

उपाध्यक्ष अतुल वत्स के सफल नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर्ज के बोझ में दबे ग़ाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण ने नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। जीडीए 15 सौ करोड़ का कर्ज चुकता कर पूरी तरह से ऋण मुक्त हो गया। यह जीडीए के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। कड़ी मशक्कत के बाद मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद न केवल जीडीए उपाध्यक्ष बल्कि सभी अधिकारी गदगद है।

आत्मविश्वास से लबरेज जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2016 से 2020 के बीच एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से 700 करोड़ रुपए तथा वर्ष 2018-19 के दौरान इंडियन बैंक से मधुबन बापूधाम योजना के लिए 800 करोड़ रुपए का ऋण लिया गया था। इस ऋण के कारण जीडीए को अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च करना पड़ता था। लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए, ग़ाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण ने 1294 करोड़ रुपए के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले लगभग 1600 करोड़ रुपए की आय अर्जित की।

योजना के लिए भूमि खरीदने की प्रक्रिया शुरू

बताया कि मुख्यमंत्री शहरी विस्तार योजना के तहत हरनंदीपुरम योजना के लिए 400 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। मास्टर प्लान एवं मानचित्र अनुभाग से 450 करोड़ रुपए की आय हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40(अधिक है। संपत्तियों की बिक्री से 350 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40% अधिक है। शमन शुल्क के रूप में लगभग 390 करोड़ रुपए की आय हुई। ग़ाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा हरनंदीपुरम योजना के तहत भूमि खरीदने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

सीएमओ ने प्रक्रिया की दी जानकारी

हिट एंड रन: अब घायलों को 1.5 लाख की कैशलेस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में भारत सरकार की ओर से दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति को आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है। सीएमओ डॉ जयंत आहूजा ने सरकार की ओर से दिए जाने वाली मदद को लेकर आयुष्मान भारत योजना से जुड़े जिला के सभी इम्पैनल्ड अस्पतालों के प्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएमओ ने बैठक में सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सडक़ दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए शुरू किए एक पायलट प्रोजेक्ट के बारे में बताया जिसके अन्तर्गत पीड़ितों को 1.5 लाख तक की कैशलेस सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति के साथ सडक़ हादसा होता है तो उसको पुलिस विभाग द्वारा या घटना स्थल पर मौजूद व्यक्तियों द्वारा नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा तो उस घायल व्यक्ति को अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस ट्रीटमेंट दिया जायेगा और एक्सीडेंट के दिन से पीड़ित का 7 दिन तक का इलाज किया जाएगा। इसके लिए 24 घंटे के अंदर सड़क दुर्घटना की खबर पुलिस को देनी होगी।

पुलिस विभाग द्वारा 6 घंटे के भीतर उस एक्सीडेंट केस को वेरिफाई करके अस्पताल प्रशासन को सूचना देनी होगी, यदि केस हिट एंड रन का होता है तो आयुष्मान प्रोजेक्ट के अंतर्गत मरीज को 1.5 लाख तक कैशलेस इलाज 7 दिनों के लिए मिलेगा और केस हिट एंड रन नहीं होता तो इलाज का पैसा घायल व्यक्ति अगर वह आयुष्मान योजना से जुड़ा है तो आयुष्मान योजना अनुसार या घायल व्यक्ति का कोई अन्य मेडिकलेम हो अन्यथा इलाज का खर्चा घायल के परिवार को देना होगा।

2 घरों में आग संकरी गली के कारण देर से पहुंची फायर बिग्रेड

फरीदाबाद। दो घरों में शॉर्ट सर्किट के चलते घर के कमरे में आग लग गई, जिससे परिवार के लोगों के जरूरी दस्तावेज और कुछ घर का सामान चल गया। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने समय पर पहुंच कर आग पर काबू पाया लिया। वहीं मंदिर में एक परिवार गया, तो उसके घर में आग लग गई।

इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा नायब सरकार का पहला बजट

गुरुग्राम । हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किया गया पहला बजट उनके 38 साल के राजनैतिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण बजट है। जिसे हरियाणा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1966 में जब हरियाणा बना तब प्रदेश का बजट 650 करोड़ था। जोकि नायब सरकार में अब 2 लाख 5 हजार करोड़ के नए कीर्तिमान को छू रहा है।

कैबिनेट मंत्री गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर गुरुग्राम भाजपा के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी भी मौजूद रहे।

दमकल , एम्बुलेंस, सेनाओं व अर्धसैनिक बलों के वाहनों पर नियम लागू नहीं होगा

फरीदाबाद ट्रेफिक पुलिस ने भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के लिए नो एंट्री के अस्थाई आदेश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के लिए नो एंट्री के बारे अस्थाई आदेश जारी किए है। जिला फरीदाबाद में रविवार को छोड़कर सभी दिन भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों पर सुबह 7 बजे से 10.30 बजे तक तथा सायं 5 बजे से रात 10 बजे तक आगामी बिन्दुओं में वर्णित सार्वजनिक मार्गो पर चलने, प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग की दोनों ओर व राजमार्ग की साइड लेन पर झाडसेतली ट्रांसपोर्ट नगर से बदरपुर बोर्डर शतक उपरोक्त समयानुसार भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के चलने, प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। ट्रांसपोर्ट नगर से सेक्टर-58, सेक्टर-24-25 तथा अन्य अन्दरूनी रास्तों पर उपरोक्त समयानुसार भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के चलने, प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा।

दिल्ली-बड़ोदरा-मुम्बई एक्सप्रेसवे के साथ दोनों तरफ बने बाईपास रोड पर उपरोक्त समयानुसार भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के चलनेध्प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। केजीपी एक्सप्रेसवे से नीचे उतरकर आईएमटी बल्लबगढ़ की तरफ आने व जाने के दौरान गांव चन्दावली व मच्छगर के अन्दर से आने व जाने वाले रास्तों पर उपरोक्त समयानुसार भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के चलने, प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। सोहना से फरीदाबाद वाया पाली-धौज आने वाले रोड पर जिला फरीदाबाद की सीमा से फरीदाबाद की तरफ आने व जाने पर उपरोक्त समयानुसार भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के चलने, प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड के दोनों तरफ उपरोक्त समयानुसार भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के चलने, प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा।

इसके साथ शहर फरीदाबाद के अन्दरूनी मार्गो पर उपरोक्त समयानुसार भारी व मध्यम माल वाहक वाहनों के चलने, प्रवेश करने व पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश आपातकालीन वाहन जैसे पुलिस वाहन, दमकल वाहन, एम्बुलेंस, सेनाओं व अर्धसैनिक बलों से संबंधित वाहनों पर लागू नहीं होगा तथा किसी अन्य आवश्यक आपूर्ति से संबंधित वाहनों को छूट प्राप्त करने के लिए नियमानुसार आवेदन किया जा सकता है। अति महत्वपूर्ण, महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, त्योहारों, कानून व्यवस्था व अन्य आकस्मिक परिस्थिति के मद्देनजर अलग से आदेश जारी कर उक्त समय में आवश्यकता अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका रतिया	एम.सी. रतिया में स्वीपिंग कार्य के आउटसोर्स कार्य हेतु मेन रोड से आंतरिक सड़क क्षेत्र का स्वीपिंग कार्य एजेंसी का चयन (एक वर्ष हेतु)।	28-03-2025 से 17-04-2025 तक अप. 5.00 बजे और खुलने की तिथि 18-04-2025 (पूर्वा. 9.00 बजे)	10,08,150/- (ईएमडी राशि) 2,01,63,000/- (निविदा राशि)	https://etenders.hry.nic.in	01698-297224 secy-rania@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/33514/I/88/7 दि. 01.04.25

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी प्रदीप राय, पुत्रः** केशव राय **पताः** मकान नंबर बी–2/856, जेजे कॉलोनी, मदनपुर खादर, सरिता विहार, नई दिल्ली **FIR No. 127/2024, U/S: 328/381/120B/411/34 IPC, पुलिस थानाः सरीता विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप राय,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप राय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप राय, FIR No. 127/2024, U/S: 328/381/120B/411/34 IPC, पुलिस थानाः सरीता विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अरिदमन सिंह चीमा
न्यायिक दण्डाधिकारी–05 प्रथम श्रेणी
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 510
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/4000/SE/2025
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी शरद, पुत्रः** नरेश कुमार **पताः** गली नंबर– 56, दाल गोदाम के पास, बंगाली कॉलोनी, बुराड़ी **दिल्ली FIR No. 81/2021, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थानाः वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शरद,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शरद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शरद, FIR No. 81/2021, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थानाः वजीराबाद, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
चतिंदर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
केंद्रीय जिला कक्ष नं. 32
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3904/N/2025
(Court Matter)

हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

यह उन उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए, जिन्होंने असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) संगीत (वोकल) और संगीत (इंस्ट्रूमेंटल) (विज्ञा. सं. 58/2024 और 57/2024) एतद द्वारा घोषणा की जाती है कि उक्त पदों के लिए कौशल परीक्षा 06.04.2025 से 12.04.2025 तक आयोजित की जाएगी जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

1. **संगीत (वोकल)**

दिनांक 06.04.2025 (रविवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

4001	4002	4003	4004	4005	4006	4007	4008	4009	4010
4011	4012	4013	4014	4015	4016	4017	4018	4019	4020
4021	4022	4023	4024	4025	4026	4027	4028	4029	4030
4031	4032	4033	4034	4035	4036	4037	4038	4039	4040
4041	4042	4043	4044	4045	4046	4047	4048	4049	4050
4051	4052	4053	4054.	4055	4056	4057			

दिनांक 06.04.2025 (रविवार) उपस्थिति समय दोपहर 12.00 बजे (सायंकालीन सत्र)

4058	4059	4060	4061	4062	4063	4064	4065	4066	4067
4068	4069	4070	4071	4072	4073	4074	4075	4076	4077
4078	4079	4080	4081	4082	4083	4084	4085	4086	4087
4088	4089	4090	4091	4092	4093	4094	4095	4096	4097
4098	4099	4100	4101	4102	4103	4104	4105	4106	4107
4108	4109	4110	4111						

दिनांक 07.04.2025 (सोमवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

4112	4113	4114	4115	4116	4117	4118	4119	4120	4121
4122	4123	4124	4125	4126	4127	4128	4129	4130	4131
4132	4133	4134	4135	4136	4137	4138	4139	4140	4141
4142	4143	4144	4145	4146	4147	4148	4149	4150	4151
4152	4153	4154	4155	4156	4157	4158	4159	4160	4161
4162	4163	4164	4165	4166	4167	4168			

दिनांक 07.04.2025 (सोमवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

4169	4170	4171	4172	4173	4174	4175	4176	4177	4178
4179	4180	4181	4182	4183	4184	4185	4186	4187	4188
4189	4190	4191	4192	4193	4194	4195	4196	4197	4198
4199	4200	4201	4202	4203	4204	4205	4206	4207	4208
4209	4210	4211	4212	4213	4214	4215	4216	4217	4218
4219	4220	4221	4222						

दिनांक 08.04.2025 (मंगलवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

4223	4224	4225	4226	4227	4228	4229	'4230	4231	4232
4233	4234	4235	4236	4237	4238	4239	4240	4241	4242
4243	4244	4245	4246	4247	4248	4249	4250	4251	4252
4253	4254	4255	4256	4257	4258	4259	4260	4261	4262
4263	4264	4265	4266	4267	4268	4269	4270	4271	4272
4273	4274	4275	4276	4277	4278	4279			

दिनांक 08.04.2025 (मंगलवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

4280	4281	4282	4283	4284	4285	4286	4287	4288	4289
4290	4291	4292	4293	4294	4295	4296	4297	4298	4299
4300	4301	4302	4303	4304	4305	4306	4307	4308	4309
4310	4311	4312	4313	4314	4315	4316	4317	4318	4319
4320	4321	4322	4323	4324	4325	4326	4327	4328	4329
4330	4331	4332	4333						

दिनांक 09.04.2025 (बुधवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

4334	4335	4336	4337	4338	4339	4340	4341	4342	4343
4344	4345	4346	4347	4348	4349	4350	4351	4352	4353
4354	4355	4356	4357	4358	4359	4360	4361	4362	4363
4364	4365	4366	4367	4368	4369	4370	4371	4372	4373
4374	4375	4376	4377	4378	4379	4380	4381	4382	4383
4384	4385	4386	4387	4388	4389	4390			

दिनांक 09.04.2025 (बुधवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

4391	4392	4393	4394	4395	4396	4397	4398	4399	4400
4401	4402	4403	4404	4405	4406	4407	4408	4409	4410
4411	4412	4413	4414	4415	4416	4417	4418	4419	4420
4421	4422	4423	4424	4425	4426	4427	4428	4429	4430
4431	4432	4433	4434	4435	4436	4437	4438	4439	4440
4441	4442	4443	4444						

दिनांक 10.04.2025 (बृहस्पतिवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

4445	4446	4447	4448	4449	4450	4451	4452	4453	4454
4455	4456	4457	4458	4459	4460	4461	4462	4463	4464
4465	4466	4467	4468	4469	4470	4471	4472	4473	4474
4475	4476	4477	4478	4479	4480	4481	4482	4483	4484
4485	4486	4487	4488	4489	4490	4491	4492	4493	4494
4495	4496	4497	4498	4499	4500	4501			

दिनांक 10.04.2025 (बृहस्पतिवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

4502	4503	4504	4505	4506	4507	4508	4509	4510	4511
4512	4513	4514	4515	4516	4517	4518	4519	4520	4521
4522	4523	4524	4525	4526	4527	4528	4529	4530	4531
4532	4533	4534	4535	4536	4537	4538	4539	4540	4541
4542	4543	4544	4545	4546	4547	4548	4549	4550	4551
4552	4553	4554	4555						

2. **संगीत (इंस्ट्रूमेंटल)**

दिनांक 11.04.2025 (शुक्रवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

5001	5002	5003	5004	5005	5006	5007	5008	5009	5010
5011	5012	5013	5014	5015	5016	5017	5018	5019	5020
5021	5022	5023	5024	5025	5026	5027	5028	5029	5030
5031	5032	5033	5034	5035	5036	5037	5038	5039	5040
5041	5042	5043	5044	5045	5046	5047	5048	5049	5050
5051	5052	5053	5054						

दिनांक 11.04.2025 (शुक्रवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

5055	5056	5057	5058	5059	5060	5061	5062	5063	5064
5065	5066	5067	5068	5069	5070	5071	5072	5073	5074
5075	5076	5077	5078	5079	5080	5081	5082	5083	5084
5085	5086	5087	5088	5089	5090	5091	5092	5093	5094
5095	5096	5097	5098	5099	5100	5101	5102	5103	5104
5105	5106	5107							

दिनांक 12.04.2025 (शनिवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

5108	5109	5110	5111	5112	5113	5114	5115	5116	5117
5118	5119	5120	5121	5122	5123	5124	5125	5126	5127
5128	5129	5130	5131	5132	5133	5134	5135	5136	5137
5138	5139	5140	5141	5142	5143	5144	5145	5146	5147
5148	5149	5150	5151	5152	5153	5154	5155	5156	5157
5158	5159	5160	5161						

दिनांक 12.04.2025 (शनिवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

5162	5163	5164	5165	5166	5167	5168	5169	5170	5171
5172	5173	5174	5175	5176	5177	5178	5179	5180	5181
5182	5183	5184	5185	5186	5187	5188	5189	5190	5191
5192	5193	5194	5195	5196	5197	5198	5199	5200	5201
5202	5203	5204	5205	5206	5207	5208	5209	5210	5211
5212	5213	5214							

टिप्पणी :- उम्मीदवारों को हरियाणा लोक सेवा आयोग सेक्टर-4 पंचकूला में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

दिनांक : 01.04.2025

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद–1156/13/312/2026/33511/88/7 दि. 01.04.25

खबर संक्षेप

अमित शाह से मिले सपा के बागी 3 विधायक

लखनऊ। यूपी में राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा से बगावत कर भाजपा प्रत्याशी का समर्थन करने वाले 7 में से 3 विधायकों ने मंगलवार को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। बाहुबली विधायक अभय सिंह के साथ राकेश सिंह और विनोद चतुर्वेदी की अमित शाह से मुलाकात के दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहे।

अयोध्या में एक बार फिर धंसा रामपथ

अयोध्या। अयोध्या का रामपथ एक बार फिर धंस गया। ऐसे में हादसे की आशंका बनी हुई है।

कोतवाली नगर के साहबगंज में गुलाबबाड़ी मोड़ के पास मंगलवार को रामपथ धंस गया। स्थानीय लोगों ने पत्थर रखकर किसी तरह से इसे कवर किया है। ऐसे में कहा जा रहा है कि किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है।इसके पहले भी कई बार रामपथ कई स्थानों पर धंस चुका है।

जफर के बेटे व रिश्तेदारों से अशांति का खतरा

संभल। जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली के बेटे हैदर अली, भाई मोहम्मद ताहिर

एडवोकेट, कमर हुसैन, भतीजे नाजिश, दानिश से अशांति का अंदेशा है। इसके चलते कोतवाली पुलिस ने सभी को एक-एक लाख रुपए के मुचलकों से पाबंद करते हुए नोटिस दिया है। कहा कि यदि माहौल बिगड़ता है तो इन्हें जिम्मेदार माना जाएगा। वहीं अशांति के अंदेशे में 1800 लोग पहले से पाबंद हैं।

प्राचीन विक्रमशिला विवि के खंडहरों के पास नए आधुनिक कैंपस का निर्माण किए जाने की योजना है।

विक्रमशिला यूनिवर्सिटी में जल्द शुरू होगी पढ़ाई जीवंत हो उठेगा एक और प्राचीन विश्वविद्यालय

भागलपुर जिले में प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना की जा रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। नालंदा के बाद एक और प्राचीन शैक्षणिक संस्थान को जीवंत किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶| पटना

नालंदा विश्वविद्यालय के बाद एक और प्राचीन विश्वविद्यालय को जीवंत किया जा रहा है। बिहार के भागलपुर जिले में स्थित प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास एक नए आधुनिक कैंपस का निर्माण किए जाने की योजना है। विक्रमशिला विश्वविद्यालय बनने के बाद बिहार को एक और सेंट्रल यूनिवर्सिटी मिल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद इस पर काम तेजी से किया जा रहा है। हालांकि, नए विक्रमशिला विश्वविद्यालय के लिए अभी जमीन अधिग्रहण का काम चल रहा है, लेकिन इसका शैक्षणिक सत्र जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

अप्रोच रोड भी बनेगी

बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने पिछले सप्ताह भागलपुर जिले के कहलगांव स्तित विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित जगह का दौरा किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह साइट देखने यहां आए थे। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रस्तावित यूनिवर्सिटी कैंपस तक पहुंच बनाने के लिए एक अप्रोच रोड भी बनाना होगा।

अस्थायी कैंपस से शुरू किया जा सकता है शैक्षणिक सत्र

पूर्व में कयास लगाए जा रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने इस महीने में प्रस्तावित बिहार दौरे में विक्रमशिला विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना की आधारशिला रख सकते हैं। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में देरी होने से इसकी संभावना कम नजर आ रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इसके लोकार्पण में अभी समय लगेगा। ऐसे में किसी अस्थायी कैंपस से इसका शैक्षणिक सत्र शुरू किया जा सकता है।

सिपाही को स्मार्ट पुलिसिंग के लिए टैबलेट भी बांटे

932 करोड़ का गिफ्ट, 2544 एंबुलेंस कितना कुछ दे गए मुख्यमंत्री योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 932 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

एजेंसी ▶▶| बरेली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 932 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसके बाद उन्होंने स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। बरेली कॉलेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मंच पर उन्होंने स्कूली बच्चों को किताबें और किट बांटी। इसके अलावा सीएम योगी ने मुख्यमंत्री उद्यम योजना के तहत लाभार्थियों को चेक भी दिए। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी दारोगा, सिपाही को स्मार्ट पुलिसिंग के लिए टैबलेट भी बांदे। वहीं बेहतर काम करने वाले उप निरीक्षक बदायूं को सम्मानित भी किया। साथ ही सीएम योगी ने अत्याधुनिक जीवन रक्षक सुविधाओं से लैस 2554 नई एंबुलेंस के फ्लैग ऑफ कर रवाना भी किया।

▶ मुख्यमंत्री उद्यम योजना के तहत लाभार्थियों को चेक भी दिए

स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

सीएम योगी ने कहा, "आज से हमारे सभी स्कूल और कॉलेज खुल रहे हैं। मैं सभी बरेली वासियों और उत्तर प्रदेश की जनता से अपील करूंगा कि कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए, हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई स्कूल चलो अभियान से जुड़े. स्कूल का सत्र शुरू होते ही हर जनप्रतिनिधि और हर शिक्षक स्कूल चलो अभियान से जुड़ेगा। मैं आपसे अपील करूंगा कि आप इस अभियान से जुड़ें और राष्ट्रीय मिशन को आगे बढ़ाएं और अपने राज्य की साक्षरता दर को भी बढ़ाएं। हम हर बच्चे को साक्षर और सक्षम बनाएंगे और उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ राज्य व देश के विकास, निर्माण में लगाएंगे। हमने बच्चों को स्कूली किताबें ,यूनिफॉर्म प्रदान कर स्कूल चलो अभियान की शुभ शुरुआत की है।

एक तिथि एक त्योहार का नियम पूरे यूपी में होगा लागू

▶ सीएम योगी के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने तैयार की रूपरेखा

वाराणसी। एक तिथि एक त्योहार का नियम अब पूरे प्रदेश में लागू होगा। बनारस से प्रकाशित पंचांग के आधार पर ही प्रदेश के व्रत-पर्व और अवकाश का निर्धारण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है। प्रदेश के सभी पंचांगकारों की सहमति के बाद इस दिशा में कार्य भी शुरू हो चुका है।

काशी के पंचांगों में एकरूपता के बाद प्रदेश के पंचांग की तिथियों को एक करने की तैयारी शुरू हो गई है। 2026 में पूरे प्रदेश के लिए एक तिथि एक त्योहार वाला पंचांग सामने आएगा। नवसंवत्सर पर इसे आम जनता के लिए लोकार्पित किया जाएगा। इससे प्रदेश के व्रत, पर्व, तिथि और त्योहारों के बीच होने वाला भेद भी दूर होगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है और इसे सात अप्रैल को मुख्यमंत्री को भी भेजा जाएगा।

काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश का पंचांग तैयार करने काशी के विद्वानों के साथ ही प्रदेश के प्रमुख पंचांगकारों की टीम बनाई गई है। अगले वर्ष की कालगणना, तिथि, पर्व का सटीक निर्धारण कर एक तिथि एक त्योहार और एक पंचांग के सूत्र पर इसे तैयार किया जाएगा।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पिछले दिनों आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में पंचांगकारों में इस पर सहमति बन चुकी है। 2026 में आने वाले नवसंवत्सर में प्रकाशन होगा।

2 से 4 अप्रैल तक सदन में रहने को कहा

वक्फ बिल पर केंद्र सरकार के साथ आई जेडीयू, व्हिप जारी

एजेंसी ▶▶| पटना/नई दिल्ली

केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने अपना रुख साफ कर दिया है। जेडीयू ने संसद में वक्फ बिल पर मोदी सरकार को समर्थन देने का फैसला लिया है। लोकसभा में जेडीयू के मुख्य सचेतक सुनील कुमार ने व्हिप जारी कर पार्टी के सभी सांसदों को 2 से 4 अप्रैल तक सदन में उपस्थित रहने को कहा है। साथ ही सदन के अंदर सरकार का समर्थन करने को भी कहा गया है।

वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा में बुधवार को चर्चा के लिए पेश किया जाएगा। तमाम विपक्षी दल और बड़ी संख्या में मुस्लिम संगठन इस बिल का विरोध जता रहे हैं। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह मुद्दा काफी गर्माया हुआ है। इस बीच नीतीश कुमार की पार्टी ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए इस बिल पर अपना समर्थन दे दिया है। केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के अध्यक्ष रह चुके ललन सिंह ने मंगलवार दोपहर को अपने बयान में कहा था कि पार्टी वक्फ बिल पर अपना रुख सदन के अंदर स्पष्ट करेगी। वहीं, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा था कि जेडीयू इस बिल को पिछली तारीख से लागू नहीं करवाना चाहती है, उम्मीद है सरकार इस पर विचार करेगी। वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने से पहले जेडीयू नेता ललन सिंह और संजय झा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात कर बहुत देर तक मंथन भी किया।

▶▶ वक्फ बिल पर जेडीयू में तकरार

हालांकि, जेडीयू के अंदर इस बिल पर घमासान छिड़ा हुआ है। खासकर पार्टी के मुस्लिम नेता इस बिल पर विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं। जेडीयू एमएलसी गुलाम गौस और पूर्व सांसद अहमद अशफाक करीम ने तो खुले तौर पर इसका विरोध किया। इसके बावजूद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इस बिल पर अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। इससे पार्टी के अंदर गतिरोध बढ़ सकता है।

पेज एक का शेष

वक्फ विधेयक के बहाने...

ओर से कई चुनौती पेशा की जाएगी। विधेयक को बुधवार को लोकसभा में और संभवतः अगले दिन गुरुवार अप्रैल को राज्यसभा में पेश किया जा सकता है। इसी सत्र में वक्फ संशोधित विधेयक दोनों सदनों से पास होने के बाद कानून की शक्ल में देश के सामने आएगा, इसकी पूरी संभावना है। संसद का बजट सत्र का अवसान 4 को होना है। विपक्षी दलों की ओर से आयोजित बैठक में उनके तेवर मंगलवार को ही दिख गये। लोकसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में वक्फ संशोधित विधेयक का एजेंडा पास हुआ। विपक्ष ने वॉकआउट किया था। उसके बाद ही इंडिया गठबंधन दल की बैठक संसदीय परिसर में शाम को हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य फ्लोर लीडर्स शामिल थे। इसमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, एआईएम जैसे दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

विरोध के कारण: विधेयक में वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का प्रावधान।

वक्फ संपत्तियों पर सरकार को ज्यादा नियंत्रण देने की आशंका, जिसे विपक्ष वक्फ संपत्तियों को हड़पने की साजिश करार दे रहा है।

संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विपक्ष के सुझावों और आपत्तियों को कथित तौर पर नजरअंदाज करना।

विधेयक को जल्दबाजी में पारित करने की कोशिश, जिसे विपक्ष संसदीय परंपराओं का उल्लंघन मानता है।

विपक्षी रणनीति: विपक्ष ने विधेयक के खिलाफ संसद के अंदर और बाहर एकजुट होकर विरोध करने का फैसला किया।

लोकसभा और राज्यसभा में विधेयक पेश होने पर जोरदार बहस और संभावित हंगामे की तैयारी।

राजग के सहयोगी दलों, जैसे जदयू और टीडीपी पर दबाव डालकर उनके समर्थन को कम करने की कोशिश।

संसद के अंदर और बाहर प्रदर्शन।

मरने वालों में अधिकांश...

श्रमिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का गुजरात सरकार से घटना के संबंध में लगातार संपर्क बना हुआ है। श्रमिकों की सहायता और परिवारों की मदद के लिए सभी आवश्यक प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से असमय दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

नेता प्रतिपक्ष ने पूछा- पलायन रोके सरकार: नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट को दुखद बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। सिंघार ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि रोज रोजगार का दावा करने वाली सरकार इतनी अक्षम हो चुकी है कि मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है, जहां उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ती है।

हादसे वाली जगह सिर्फ भंडारण की अनुमति थी: मंगलवार को बनासकांठा जिले के डीसा औद्योगिक क्षेत्र में पटाखा बनाने की फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। यहां सिलसिलेवार विस्फोट होने से फैक्ट्री के कुछ हिस्से ढह जाने से अंदर कुछ श्रमिक फंस गए। इस हादसे में 20 मजदूरो की मौत की जानकारी है। वहीं, जानकारी के अनुसार हादसे वाली जगह सिर्फ भंडारण की अनुमति थी, लेकिन उसकी आड़ में गोदाम की जगह पटाखा फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

बैठकें: गुजरात के पटेल...

ने कहा कि स्वतंत्र भारत में सरदार पटेल देश के पहली कांग्रेस सरकार में गृहमंत्री थे जिन्होंने बतौर गृहमंत्री संघ पर बैन लगाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता इतिहास को तोडमरोड कर देश को गुमराह करते रहे हैं कि पटेल को पीएम नहीं बनाया गया, उनकी तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू से नहीं जमती थी, जब कि हकीकत इतिहास के पन्ने में दर्ज है। कांग्रेस की बैठक से ज्यादा चर्चा बैठक की जगह को लेकर ज्यादा हो रही है। बैठक के एजेंडे में विपक्षी गठबंधन के साथ समन्वय की समीक्षा होनी है जब कि उन क्षेत्रों की पहचान भी करनी है जहां पार्टी को मतदाता आधार को बढ़ाने के लिए नए तरीके अपनाने हैं। वर्ष 2025 में बिहार, बंगाल समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। गुजरात में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा, लेकिन उसकी तैयारी अभी से शुरू करना कांग्रेस के लिए जरूरी होगा। कांग्रेस ने हाल के वर्षों में संविधान बचाओ और लोकतंत्र बचाओ को अपने प्रमुख नारों में शामिल किया है। सरदार पटेल भवन में बैठक का प्रतीकात्मक महत्व है, क्योंकि सरदार वल्लभभाई पटेल को कांग्रेस भारतीय एकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रतीक के रूप में पेश करना चाहती है। यह बैठक भाजपा पर हमला करने और अपनी वैचारिक स्थिति को मजबूत करने का अवसर होगी। सीडब्लूसी की बैठक कांग्रेस के लिए एक रणनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगी। सरदार पटेल भवन में आयोजन के जरिए पार्टी अपनी ऐतिहासिक जड़ों को मजबूत करने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का संदेश देना चाहेगी। यह बैठक न केवल संगठन को मजबूत करने बल्कि जनता के बीच कांग्रेस की प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करने का प्रयास होगी। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित शीर्ष नेताओं की मौजूदगी संगठन में नये प्राणवायु का संचार करे इसकी कोशिश होगी।

तो ऐसे होने वाली...

बनाएगा। जब हमारे पास बेहतर कानूनी ढांचा होगा, तो अंतरराष्ट्रीय लीजिंग कंपनियां और वित्तीय संस्थान भारत के साथ व्यापार करने में अधिक विश्वास महसूस करेंगे। इससे न केवल विदेशी निवेश बढ़ेगा, बल्कि घरेलू विमानन कंपनियों को भी सस्ते और लचीले वित्तीय विकल्प मिलेंगे, उन्होंने कहा। चर्चा के दौरान विभिन्न दलों के 16 सांसदों ने कई सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिये। जिनमें मुख्य रूप से महंगे होते हवाई किराये पर अंकुश लगाना प्रमुख था। कुछ सांसदों ने इस विधेयक के संभावित नकारात्मक प्रभावों, जैसे छोटे विमानन ऑपरेटरों पर अतिरिक्त नियामक बोझ, को लेकर सवाल उठाए। इसके जवाब में मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार ने इस विधेयक को तैयार करते समय सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य न केवल हवाई यातायात के बड़े खिलाड़ियों को लाभ पहुंचाना है, बल्कि पूरे विमानन क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके लिए जरूरी नियम और दिशानिर्देश बनाए जाएंगे ताकि छोटे ऑपरेटरों को भी कोई नुकसान न हो। नायडू ने विधेयक को मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से जोड़ते हुए कहा कि यह भारत को विमानन क्षेत्र में एक मजबूत और आत्मनिर्भर प्लेयर के रूप में स्थापित करेगा। विधेयक राज्यसभा से पारित हो गया।

भारत-चीन के बीच...

के अलावा द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने पर जोर दिया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर यात्रा और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत का मुद्दा भी उक्त बैठकों में शामिल रहा है।

भारत के साथ काम करने को तैयार चीन: चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा, दोनों देश प्राचीन सभ्यताएं होने के साथ ही ग्लोबल साउथ में शामिल महत्वपूर्ण विकासशील देश हैं और वर्तमान में आधुनिकीकरण के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में द्विपक्षीय संबंधों के मद्देनजर एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनना और ड्रैगन और हाथी का मिश्रित डांस (टैंगो) दोनों के लिए वाजिब विकल्प है। उन्होंने पिछले साल 2024 में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच रूस में आयोजित किए गए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठक को संबंधों को आगे बढ़ाने में दिशा प्रदान करने वाली बताया।

वैश्विक मंचों पर मजबूत हो संचार-समन्वय: गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन भारत के साथ आपसी संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखने और संभालने के लिए उसके साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। दोनों देशों को हालांकि अहम वैश्विक मामलों में अपने संचार और समन्वय को मजबूत बनाना चाहिए। सीमा से लगे इलाकों में शांति बनाए रखने के अलावा संबंधों को सुदृढ़ता और स्थिर विकास के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाने की योजना के सवाल के जवाब में चीन के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों पक्ष संबंधों को बढ़ाने के इच्छुक हैं। इससे संबंधित आयोजनों के बारे में जानकारी सही समय पर साझा की जाएगी।

बैंक के 32 लॉकर्स में सेंधमारी का था मास्टर माइंड

हरियाणा पुलिस की गिरफ्त से भागे आरोपी मिथुन ने जान दी

एजेंसी ▶▶| मुंगेर

हरियाणा के अंबाला में सितंबर 2023 में एक बड़ी घटना हुई थी। चोरों के गिरोह ने अंबाला कोऑपरेटिव बैंक के 32 लॉकर तोड़कर करीब 10 करोड़ रुपए के जेवर उड़ा लिए थे। इस कांड के मास्टरमाइंड का भाई

यूपी पुलिस के एनकाउंटर में पिछले साल मारा गया था। अब मुख्य आरोपी मिथुन बिंद ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। हरियाणा पुलिस मिथुन को लेकर बिहार के मुंगेर आई थी। इसी दौरान वह बाथरूम का बहाना कर वेंटिलेटर तोड़कर भागा और ट्रेन के सामने आ गया। वह मरने के लिए ही ट्रेन के सामने आया था, यह बात इसलिए आ रही है क्योंकि ट्रेन के लोको पायलट ने उसे ट्रैक पर देखकर कई बार हॉर्न बजाया था। उसके गोदने को देखकर उसकी पहचान की गई है।

इधर पुलिस तलाश रही थी, उधर अज्ञात शव मिला

मिथुन मुंगेर का रहने वाला था। हरियाणा पुलिस उसे गिरफ्तार करने के बाद रिमांड पर मुंगेर लाकर आयी थी, क्योंकि चोरी गए जेवरातों के मुंगेर में खपाए जाने की जानकारी मिली थी। हरियाणा पुलिस आयी और मिथुन की निशानदेही पर एक सुनार राहुल कुमार को गिरफ्तार भी किया। जब माल की बरामदगी नहीं हुई तो हरियाणा पुलिस मिथुन को लेकर वापस लौटने वाली थी। इसी दौरान वह होटल के बाथरूम का वेंटीलेटर तोड़कर फरार हो गया। दोबारा गिरफ्तार करने के लिए हरियाणा पुलिस बिहार पुलिस की मदद से खोजबीन कर रही थी।

भाजपा सरकार के नाम बदलने के फैसलों पर भड़कीं मायावती

विफलताओं पर पर्दा डालने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने नाम बदलने की राजनीति को लेकर भाजपा सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा की तरह ही उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों की भाजपा सरकारों द्वारा जिलों, शहरों और संस्थानों के नाम बदलने की प्रवृत्ति कानून के शासन का हिस्सा नहीं, बल्कि अपनी विफलताओं को छिपाने की संकीर्ण राजनीति है।

बसपा सुप्रीमों ने नसीहत देते हुए कहा कि सरकार को इस मामले में यूपी में चार बार सरकार बना चुकी बसपा से सीख लेनी चाहिए जिसने गुड गवर्नेंस को ध्यान में रखा कर जिले तहसील और यूनिवर्सिटी नए नामों से बनाए। मायावती ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, "यूपी की रही सपा सरकार की तरह ही महाराष्ट्र, उत्तराखंड व यूपी में भाजपा सरकार द्वारा जिला, शहरों व संस्थानों समेत अन्य के नामों को बदलने की प्रवृति कानून के राज का गवर्नेंस नहीं बल्कि द्वेष व भेदभाव के आधार पर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की संकीर्ण राजनीति है।" मायावती ने लिखा, " 1995 के अविभाजित उत्तर प्रदेश से लेकर 2012 तक बीएसपी की चार बार रही सरकारों में गुड गवर्नेंस को ध्यान में रखकर अनेकों नई कल्याणकारी योजनाएं व जिले, तहसील, अस्पताल, यूनिवर्सिटी आदि नए नामों से बनाए गए, किसी का नाम नहीं बदला गया।

सीएम हेमंत सोरेन का ऐलान

झारखंड में आदिवासी समाज के पावन पर्व सरहुल पर अब 2 दिन रहेगी सरकारी छुट्टी

एजेंसी ▶▶| रांची

रांची के साथ-साथ पूरे झारखंड में प्रकृति का त्योहार सरहुल मंगलवार को धूमधाम और पूरे विधि-विधान के साथ मनाया गया। प्रकृति और संस्कृति के इस पर्व पर हर कोई उत्साहित दिखा। सूबे के सीएम हेमन्त सोरेन ने भी मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल के पावन अवसर पर सिरमटोली में बने सरनास्थल पर जाकर पूजापाठ की। अपनी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ यहां पर उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ वृक्ष की पूजा की। इससे पहने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इसी साल से सरहुल पर्व पर राज्य में दो दिन के राजकीय अवकाश की घोषणा की। सीएम ने कहा कि पिछले कई साल से सरहुल के अवसर पर दो दिन का राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग होती आ रही थी। इसी के मद्देनजर आदिवासी समाज के इस पवन पर्व के महत्व को देखते हुए अब दो दिन का राजकीय अवकाश रहेगा। झारखंड की संस्कृति एवं परंपराओं की गौरवशाली धरोहर को हम सहेजते आयें हैं और सदैव सहेजेंगे।

केंद्र पर अलग-अलग विभाग का करोड़ों का बकाया

वहीं केंद्र सरकार और केंद्रीय कोल कंपनियों पर बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपए के भुगतान को लेकर झारखंड सरकार अब ऐक्शन मोड में नजर आ रही है। राज्य सरकार का मानना है कि उपरोक्त बकाया के अलावा केंद्र पर अलग-अलग विभाग का करोड़ों का बकाया हो चुका है। इसमें पीएम आवास योजना, मनरेगा, नल-जल योजना आदि प्रमुखता से शामिल हैं। ऐसे में राज्य सरकार अब केंद्र पर बकाए राशि की गणना नई सिरे से करा रही है।

विभागों से बकाया राजस्व राशि का आकलन रिपोर्ट देने का निर्देश

इसे लेकर वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने बीते 24 मार्च को सरकार के कुल 12 विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि भारत सरकार के उपक्रमों, सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों पर राज्य सरकार के प्रभावी अधिनियमों के प्रावधान के अनुरूप विभिन्न विभागों का बकाया राजस्व प्राप्त करना है। ऐसे में सभी विभागों को बकाया राजस्व राशि का आकलन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

मुंबई। मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

लाइफ Style

तमन्ना

'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।

हॉलीवुड मसाला

स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

लॉस एंजिल्स। दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।

'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

मुंबई। पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।

वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

टीवी मसाला

एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

नई दिल्ली। एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुई ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

नई दिल्ली। ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।

92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

नई दिल्ली। बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।

कितने मिनट का था किसिंग सीन : देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?: लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

नई दिल्ली। तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।

एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।

तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

महेश्वर में अहिल्या बाई पर मंचित नाटक सीएम के साथ अतिथियों ने भी देखा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किए और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को लोकमाता देवी अहिल्या की नगरी खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुषी जैन द्वारा देवी अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने महेश्वर में देवी अहिल्या की जीवनगाथा पर नाटक मंचन के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना की। डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ सम्पूर्ण नाटक का मंचन देखा।

खास बातें

- 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक का मंचन
- अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी पुस्तक का विमोचन

संपूर्ण देश में किए जन-कल्याण के कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने होल्कर साम्राज्य के साथ ही सम्पूर्ण देश में जन-कल्याण के कार्य किए हैं। मुगल काल में सनातन संस्कृति को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन नर्मदा पुत्री देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा का काम किया। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों की पुनर्स्थापना का कार्य किया है। देवी अहिल्या ने देश भर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, रोजगार के लिए महेश्वरी साड़ियों का निर्माण कराया, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

नाटक देगा आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा: होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर में नाटक का मंचन किया जा रहा है। यह नाटक अहिल्याबाई के कार्यों से आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देगा। देवी अहिल्या ने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है। हमारे देश में देवी अहिल्या, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, रानी चैनम्मा जैसी नारी शक्ति ने शासक के रूप में इस धरती का संचालन किया है। यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का आदर्श है। इस अवसर पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, मध्यप्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, होल्कर स्टेट के युवराज यशवंत राव होल्कर, विश्व मांगल्य सभा की अध्यक्ष रेखा खंडेलवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

राज्यपाल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल 'सदाकाल गुजरात' कार्यक्रम में हुए शामिल

अभा गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' में बोले राज्यपाल

गुजराती संस्कृति में अद्भुत समरसता यह मप्र की संस्कृति में रच बस गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव है। गुजरातियों में मेलजोल और आपसी भाईचारे का व्यवहार होता है। उन्होंने कहा कि 'जहां बसे गुजराती, वहां बसे सदाकाल गुजरात' कहावत को गुजरातियों ने हमेशा चरितार्थ किया है। मप्र की संस्कृति में भी गुजराती समाज रच, बस गया है। गुजराती समाज का मध्यप्रदेश के विकास में विशेष योगदान है। राज्यपाल पटेल रवीन्द्र भवन में अखिल भारतीय गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत को बनाने में मप्र की जनता के साथ गुजराती समाज लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहा है। राज्यपाल पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार के सामाजिक सहभागिता पर आधारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अखिल भारतीय गुजराती समाज संस्था के सहयोग और सक्रियता की सराहना की।

गुजरात देश का ग्रोथ इंजन : सीएम पटेल

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति गर्व का प्रतीक है। आजादी के आन्दोलन में देश को गुजरात ने ही महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में मजबूत नेतृत्व दिया है। अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने गुजरात राज्य की भौगोलिक चुनौतियों को अवसरों में बदल कर गुजरात को देश का ग्रोथ इंजन बनाने वाले प्रधानमंत्री मोदी की कार्यकुशलता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की सराहना की।

गुजरात पर ईश्वर की विशेष कृपा : डिप्टी सीएम शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गुजरात राज्य पर ईश्वर की विशेष कृपा है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा गुजरात और मप्र का इतिहास, भूगोल, संस्कृति एक समान है। मप्र में रहने वाला प्रत्येक गुजराती, गुजरात की संस्कृति का ब्रांड एम्बेसडर है। संघवी ने कहा कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को गुजरात दर्शन जरूर कराए।

पौधरोपण कर गुजराती समाज से की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने स्टेट हैंगर परिसर में आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर गुजराती समाज भोपाल के संजय पटेल, हर्षद, प्रिया पाटीदार, चेतन पटेल, रेनका मेहता और अन्य पदाधिकारियों ने गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल से सौजन्य भेंट की। गुजरात के मुख्यमंत्री से राहुल कोठारी एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों ने भी भेंट कर उनका स्वागत किया।

नर्मदा मैया ने किया है मप्र-गुजरात को समृद्ध

- भोपाल आए गुजरात के सीएम पटेल का सीएम यादव ने किया स्वागत
- दोनों राज्यों के बीच सहयोग की सुदृढ़ परम्परा : भूपेंद्र पटेल

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदा मैया ने मध्यप्रदेश और गुजरात को समृद्ध बनाने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में अनेक नगरों में बड़ी संख्या में गुजराती बंधु निवास करते हैं। गुजरात के साथ ही मध्य प्रदेश से भी अन्य देशों तक जाकर गुजराती समाज के उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने परिश्रम से स्थान बनाया है। इससे पहले डॉ. यादव ने सोमवार की शाम स्टेट हैंगर भोपाल पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी के आगमन पर उनका पुष्प-गुच्छ और अंगवस्त्र से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पटेल और संघवी को राजा भोज की प्रतिमा भी भेंट की।

'सदाकाल गुजरात-भोपाल' से संबंधों में नया आयाम

गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत से भाव-विभोर होकर कहा कि उन्हें यहां आकर आत्मीयता का अहसास हुआ है। गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच परस्पर सहयोग की सुदृढ़ परम्परा है। 'सदाकाल गुजरात-भोपाल' के माध्यम से इन संबंधों में नया आयाम जुड़ रहा है। पटेल इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए भोपाल आए हैं। गुजरात और मध्यप्रदेश के संबंधों में एक नया आयाम सदाकाल गुजरात कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ रहा है। गुजरात से बाहर बसने वाले गुजरातियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए सदाकाल गुजरात-भोपाल का कार्यक्रम किया गया।

जल संवर्धन के साथ उसका संरक्षण आज की महती आवश्यकता

- अभियान में अधिक से अधिक हो जन-भागदारी
- नवीन जल संरचनाओं के निर्माण के साथ पुरानी जल संरचनाओं का हो जीर्णोद्धार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में सभी प्रमुख त्यौहार भी प्रदेशवासियों को साथ लेकर मनाने की शुरुआत की गई है। अब 30 मार्च से प्रारंभ हुए राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान में भी जन-भागीदारी को प्राथमिकता के साथ जोड़ा गया है। जल संकट को दूर करने बारिश के जल को अधिक से अधिक संग्रहण करने 30 मार्च से प्रांत व्यापी 'जल गंगा संवर्धन' अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण में भी प्रदेश की जनता को जोड़ते हुए उनसे सुझाव आमंत्रित किए गए। डॉ. यादव ने नागरिकों से मानवता ही नहीं, समूची प्रकृति का जीवन अस्तित्व बचाए रखने के लिए पानी की बूंद-बूंद बचाने का आह्वान किया है।

राज्य स्तरीय शुभारंभ महाकाल की नगरी उज्जैन से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन' अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ महाकाल की नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट से किया गया। इसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान प्रति दिन छोटी-बड़ी जल संरचनाएं निर्मित कर लोकार्पित की जाएंगी।

अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

खबर संक्षेप

राज्यपाल ने आचार्य बालकृष्णन से सिकल सेल पर की चर्चा

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है। राज्यपाल ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के दीक्षांत समारोह में चर्चा के दौरान इस विषय पर विचार विमर्श किया गया।

राज्यपाल पटेल ने आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत किए जा रहे उपचार और पुनर्वास प्रयासों के बारे में भी बताया। गौरतलब है कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव बालकृष्ण को महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन ने मानद उपाधि से सम्मानित किया है।

अपना दल (एस) प्रदेश में संगठन मजबूत करेगा

भोपाल। अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश ने हाल ही में औद्योगिक नगरी इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच, डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सशक्त नेतृत्व पर विचार विमर्श करना था। बैठक के दौरान प्रदेश संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में, प्रदेशभर में पार्टी संगठन को सशक्त करने और वार्ड स्तर पर अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त किया जाएगा, ताकि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाया जा सके।

पशु चिकित्सा विभाग ने रैपिड रिस्पांस टीम बनाई है, 10 किमी क्षेत्र सर्विलांस जोन घोषित

कोरिया में फैला बर्ड फ्लू, नष्ट किए 35 हजार अंडे और चूजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। कुक्कुट पालन केंद्र में मुर्गे-मुर्गियों की मौत के बाद जांच कराई गई थी। सोमवार रात शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र के सभी चूजों, अंडों, मुर्गियों और बटेरों को नष्ट कर दिया गया है। इनमें लगभग 20 हजार अंडे तथा 15 हजार पक्षी शामिल हैं।

एक किलोमीटर तक के क्षेत्र को प्रभावित क्षेत्र और 10 किलोमीटर के क्षेत्र को सर्विलांस जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में मुर्गे-मुर्गियों व अंडों की बिक्री पर रोक लगाई गई है। कोरिया जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद पड़ोसी जिलों सूरजपुर व एमसीबी में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। बैकुंठपुर के शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज ने किया है। इसकी रिपोर्ट सोमवार को विभाग को मिली।

कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने संक्रमण रोकने सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। सोमवार रात अभियान चलाकर कुक्कुट पालन केंद्र में मौजूद 19095 अंडे, 9998 चूजे, 2487 वयस्क मुर्गियां और 2448 बटेरों को नष्ट किया गया। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने संपूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ अंडों और चूजों को नष्ट किया। सभी पक्षियों को केंद्र के भीतर ही खोदे गए गड्ढों में दफनाया गया, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। पक्षियों को नष्ट करने के बाद कुक्कुट केंद्र को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया।

प्रशासन अलर्ट पर, लोगों से की गई यह अपील

प्रशासन द्वारा बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। एक किलोमीटर तक का क्षेत्र प्रभावित जोन और 10 किमी का क्षेत्र सर्विलांस क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में मुर्गियां बाहर चरने न छोड़ने जनता से अपील की गई है। मुर्गे-मुर्गियों अंडे एवं मांस तथा मुर्गी दाना का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है।

महिला को गिरफ्तार कर थाने लाई पुलिस तो पहुंच गए उसके चार पति

सामने आया लुटेरी दुल्हन और उसकी मां का सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में लुटेरी दुल्हन पूजा देवांगन और उसकी मां गायत्री देवांगन को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट के आदेश के बाद मुजगहन थाने में बेटी और मां के खिलाफ ठगी और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया गया था। पूजा ने बिना तलाक लिए चार लोगों से शादी की, उनके जेवर चुराए और झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पैसों की उगाही की थी। गिरफ्तार के दौरान थाने में महिला के चार पति भी पहुंच गए थे। इस दौरान गहमागहमी का माहौल था।

थाने में बोरियाकला निवासी डाकेश्वर देवांगन ने आरंग निवासी पूजा देवांगन उर्फ गीतांजलि और उसकी मां गायत्री देवांगन के खिलाफ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा बेक की अदालत में परिवाद दायर किया था। प्रार्थी ने कोर्ट में बताया कि उसने पूजा के साथ शादी की थी। उसकी पत्नी ज्यादातर समय अपने मायके में रहती थी। डाकेश्वर को पत्नी के चरित्र पर संदेह हुआ और उसने अपनी पत्नी के बारे में जानकारी एकत्रित की। डाकेश्वर पूजा और सास गायत्री के बारे में जानकारी एकत्रित कर रहा था। उसी दौरान उसकी मुलाकात पुरुषोत्तम देवांगन से हुई। पुरुषोत्तम ने बताया कि पूजा के साथ उसकी शादी 15 जनवरी, 2016 को संजय नगर, टिकरापारा के आर्य समाज की मंदिर में हुई थी। प्रमाण के रूप में मैरिज सर्टिफिकेट भी दिखाया। इसके बाद पता चला कि पूजा इसी तरह से चार से पांच लोगों से शादी कर चुकी है। उसने किसी को भी तलाक नहीं दिया था। वह जेवर-पैसे लेकर निकल लेती थी।

अपराध में साथ देती थी मां

पूजा के साथ शादी करने के बाद डाकेश्वर ने परिवार के अन्य सदस्यों के सोने के जेवर बैंक के लॉकर में रखा दिए थे। लुटेरी पूजा ने मौका देखकर बैंक के लॉकर में रखे जेवर निकालकर अपनी मां को दे दिए। इसके बाद पैसों की मांग करने लगी। पैसे नहीं देने पर झूठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगी। डाकेश्वर के अनुसार पूजा ने पूर्व में जिन लोगों से शादी की थी उन लोगों से भी पूजा और उसकी मां ब्लैकमेल कर उगाही कर रही थी।

गर्मी में आंबेडकर नगर-पटना के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और गर्मियों में यात्रा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दो विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें अप्रैल से जून तक विशेष किराए पर चलेंगी। डॉ. आंबेडकर नगर से पटना के लिए यह ट्रेन हर गुरुवार शाम 18:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम 18:30 बजे पटना पहुंचेगी। यह सेवा 3 अप्रैल से 26 जून तक जारी रहेगी। वापसी में यह ट्रेन हर शुक्रवार पटना से रात 20:20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23:20 बजे डॉ. आंबेडकर नगर पहुंचेगी।

यह ट्रेन भोपाल रेल मंडल संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना पर स्टॉपेज लेगी। यह ट्रेन इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, में रुकेगी।

अपने माता-पिता को एक अच्छा जीवन देने की इच्छा रखती है बेटी

जगदलपुर की राखी बनना चाहती है आईएएस

हाथ दिव्यांग, तो पैर के पंजों से लिखकर करती है पढ़ाई राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नानगुर स्वामी आत्मानंद विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा राखी नाग विलक्षण हैं। वह जन्म से दिव्यांग है, परंतु पढ़ाई को लेकर ललक ऐसी है कि हाथ काम नहीं करते हैं तो पांव के पंजों से ही लिखने लगी। सालों के अभ्यास से वह पारंगत हो चुकी है। उसकी लिखावट किसी सामान्य बच्चे की तरह है।

राखी का परिवार कैकागढ़ पंचायत के बेंगलुरु गांव में रहता है। पिता धनसिंह नाग एक निजी गैस एजेंसी के लिए साइकिल से गांव-गांव घूमकर गैस सिलेंडर की डिलीवरी करते हैं। माता चैती घरेलू महिला है और इमली, महुआ जैसे वनोपज संग्रहण से अर्जित आय से घर चलाने में योगदान देती है।

खास बातें

- माता-पिता ने राखी को पढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया
- गांव-गांव घूमकर गैस सिलेंडर की डिलीवरी करते हैं पिता
- माता इमली वनोपज संग्रहण से घर चलाती है

माता-पिता का कर्ज उतारना चाहती है बेटी

निर्धनता को माता-पिता ने कभी भी राखी की पढ़ाई में बाधा नहीं बनने दिया और हमेशा ही उसे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अब राखी का सपना पढ़-लिखकर आईएएस अधिकारी बनना है। वह क्षेत्र के विकास में योगदान देना चाहती है। वह कहती है कि माता-पिता ने बड़ी तकलीफें झेलकर उसे पढ़ाया है और वह अपने माता-पिता को एक अच्छा जीवन देने की इच्छा रखती है।

विश्व के प्राचीन ज्ञान का बोध संस्कृत भाषा से ही संभव: राज्यपाल

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि संस्कृत भाषा विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है। विश्व के प्राचीन ज्ञान का बोध संस्कृत भाषा के माध्यम से ही संभव हो सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति के खजाने में छुपे ज्ञान और विज्ञान को अपनी प्रतिभा से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प समस्त उपाधी प्राप्तकर्ता विद्यार्थी लें। विद्यार्थी प्रयास करें कि वे अपने ज्ञान से वंचित लोगों का उद्धार करें। राज्यपाल ने कहा कि समाज और राष्ट्र की शिक्षा जगत पर बहुत सारी आशाएं टिकी हैं। आने वाले समय में भारत को विकसित बनाने में सभी विद्यार्थी अपना योगदान दें। राज्यपाल ने कालिदास संस्कृत अकादमी में महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विवि के 5वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।

6 अप्रैल को होमियोपैथी के विकास के लिए दौड़ेगी दिल्ली

नई दिल्ली। विश्व होमियोपैथिक दिवस का आग़ाज आगामी 6 अप्रैल 2025 को "रन फॉर होमियोपैथी" कार्यक्रम के ज़रिए किया जा रहा है। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस दौड़ में होमियोपैथी के चिकित्सक, पेशेवर धावक, भारतीय सेना, पैरामिलिट्री तथा होमियोपैथिक प्रशंसक बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। रन फॉर होमियोपैथी के संयोजक एवं सिंपैथी इंस्टिट्यूट ऑफ़ होमियोपैथिक फार्मेसी के निदेशक डॉ. आर कांत ने बताया की दो वर्ग (2 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर) के इस दौड़ में देश के चुनिंदा लगभग 2 हज़ार धावक भाग ले रहे हैं। इसमें दिल्ली के अलावा अन्य प्रदेशों से आए भागीदारों तथा कुछ विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। होमियोपैथी के संस्थापक डॉ सैमुएल हैनीमैन की 270 वी वर्षगांठ के उपलक्ष में आयोजित यह दौड़ अपने क्रम में देश का चौथा बड़ा आयोजन है। उल्लेखनीय है कि होमियोपैथी के विश्वव्यापी प्रचार और प्रसार के लिए इस तरह के दौड़ का आयोजन अपने आप में अनूठा है। आयोजन समिति की ओर से डॉ आर कांत ने जानकारी दी है इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डा.पंकज कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो रहे हैं। अन्य अतिथियों में दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी तथा दिल्ली विधानसभा के सदस्य चंदन चौधरी के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वेंकट सुन्दरम, दिल्ली सरकार की आयुष निदेशक डॉ. योगिता मुंजाल, दिल्ली सरकार की पूर्व उप निदेशक डॉ.मृदुला पांडेय सहित कई विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे।

चिंतन

किसी का घर गिराना आश्रय के अधिकार का उल्लंघन

बुलडोजर जस्टिस पर देश की सुप्रीम अदालत एक बार फिर से सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर एक्शन को असंवैधानिक व असंवेदनशील करार दिया है। प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन महिला याचिकाकर्ताओं के घरों को 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि घर गिराने की प्रक्रिया असंवैधानिक थी। घर ध्वस्त करने की ये मनमानी प्रक्रिया हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है, राइट टू शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को आदेश दिया है कि पांचों पीड़ितों को 10-10 लाख रुपये का हर्जाना दिया जाए। दरअसल, किसी का घर गिराना संविधान के आश्रय के अधिकार का उल्लंघन है। गत माह 24 मार्च को यूपी के अंबेडकर नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक तरफ झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था तो दूसरी तरफ 8 साल की एक बच्ची अपनी किताबें लेकर भाग रही थी। यह मार्मिक दृश्य था, इस तस्वीर ने सबको हैरान-परेशान कर दिया था। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जहां अवैध रूप से तोड़फोड़ की जा रही थी और इसमें शामिल लोगों के पास निर्माण कार्य करने तक की क्षमता नहीं है। किसी भी राज्य सरकार का संवैधानिक कर्तव्य नागरिकों की सुरक्षा है, अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई नागरिकों के आश्रय अधिकार व मौलिक अधिकार की अवहेलना करके नहीं की जा सकती है। यह सही है कि प्रशासनिक हीलाहवाली के चलते शहरों में अनेक अवैध निर्माण हुए हैं, इसमें हमारा पूरा प्रशासनिक तंत्र जिम्मेदार है। सवाल है जब अवैध निर्माण हो रहा होता है, तब प्रशासन सोया क्यों रहता है? दूसरा प्रश्न भी है कि यदि कोई आपराधिक आरोपित है, इसका मतलब यह नहीं कि उसके आवास पर बुलडोजर चला कर समूचे परिवार को सजा दी जाए। राज्य सरकार को न कानून हाथ में लेने का अधिकार है, न किसी आरोपित को दोषी मानने का हक है। आरोपित के खिलाफ कानून सम्मत फैसला करने का अधिकार अदालत का है। अतीत में यूपी समेत कुछ राज्यों द्वारा अवैध कब्जे व अतिक्रमण ड्राइव के नाम पर अनेक आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपियों के घरों व ठिकानों पर बुलडोजर एक्शन लिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान भी 13 जून 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से लोगों के घर गिराए जाने को असंवैधानिक बताया था। अदालत ने कहा था कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति का मकान केवल इस आधार पर गिरा देती है कि वह अभियुक्त है, तो यह कानून के शासन का उल्लंघन है। यहां तक कि गंभीर अपराधों के आरोपी और दोषी के खिलाफ भी बुलडोजर की कार्रवाई बिना नियम का पालन किए नहीं की जा सकती। शीर्ष अदालत ने सख्त लहजे में कहा था कि किसी एक की गलती की सजा पूरे परिवार को नहीं दे सकते, सिर्फ आरोपी या दोषी होने पर घर नहीं गिराया जा सकता। प्रशासन को ये बताना होगा कि बुलडोजर एक्शन क्यों जरूरी है? हालांकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद भी महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात में बुलडोजर एक्शन देखे गए थे, जबकि गाइडलाइन टूटने पर अफसर के खिलाफ कार्रवाई की बात सुप्रीम कोर्ट ने कही थी। सरकार कानून के दायरे में ही काम करे और किसी परिवार के आश्रय का अधिकार नहीं छीने।

म्यांमार भूकंप विकास के लिए खतरा

विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

> इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, वियतनाम, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गई। याद रहे, भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7 .7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार के भूकंप का केंद्र भूमि के 10 किमी नीचे था। भूकंप के केंद्र वाला म्यांमार का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पूर्व से ही चिन्हित है। बावजूद यहां आवास और उद्योगों के लिए आलीशान अट्टालिकाएं खड़ी की जा रही हैं। भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराने का परिणाम इस भूकंप को माना जा रहा है।

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के ताकतवर भूकंप ने 1700 से भी ज्यादा लोगों की जान ले ली और 2500 से भी ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के प्रभाव में आकर जिस तरह से बहुमंजिला इमारतें ढहीं, सड़कें, पुल और बांध टूटे, बिजली और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गईं, यह प्रकृति की एक ऐसी नजीर है, जो बढ़ते शहरीकरण के लिए चेतावनी है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आए कुछ पलों के झटकों ने ही दुनिया के इस सुंदर शहर को थर्रा दिया। इसी बीच अमेरिका की भूगर्भीय सर्वेक्षण एजेंसी ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या 10 हजार से भी अधिक पहुंच सकती है। इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, वियतनाम, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गई। याद रहे, भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7.7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार के भूकंप का केंद्र भूमि के 10 किमी नीचे था। भूकंप के केंद्र वाला म्यांमार का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पूर्व से ही चिन्हित है। बावजूद यहां आवास और उद्योगों के लिए आलीशान अट्टालिकाएं खड़ी की जा रही हैं।

भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराने का परिणाम इस भूकंप को माना जा रहा है। दिल्ली राजधानी क्षेत्र में 17 फरवरी 2025 की सुबह 5.36 बजे रिएक्टर स्केल पर चार तीव्रता वाले भूकंप के झटके और धमाकों जैसी आवाजें सुनी गईं थीं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौलाकुआं के झील पार्क क्षेत्र में 5 किमी की गहराई में था। इस कारण इसकी तीव्रता भूगर्भ में ही कमजोर पड़ गई और सतह पर नहीं आने पाई। बिहार में भी भूकंप के झटके अनुभव किए गए। इसका केंद्र धरती की सतह से 10 किमी नीचे था। इसलिए असर केवल अनुभव हुआ। बावजूद भविष्य में भूकंप का यह संकेत दिल्ली के लिए विनाश की चेतावनी है। क्योंकि दिल्ली, हरिद्वार और महेंद्रगढ़ ,देहरादून के ऐसे पठारनुमा टीले पर बसा हुआ है, जहां से भूकंप की भ्रंश रेखा गुजरती है। अतएव यहां हमेशा भूकंप का खतरा बना रहता है। यह संकट इसलिए भी है, क्योंकि यमुना नदी के मैदानी क्षेत्र में भूमि की परत नरम है। हालांकि इस भूकंप को विवर्तनिक परत (टेक्टोनिक्स प्लेट) में किसी बदलाव के कारण आना नहीं माना गया था। इसके आने का कारण स्थानीय भूगर्भीय विविधता को माना जा रहा है। याद रहे हिमालय के उत्तरी तलहटी में स्थित चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र शिगात्से के निकट तिंगरी काउंटी में 7 जनवरी 2025 को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 126 लोग मारे गए थे। भूकंप से तिब्बत में किसी बांध या जलाशय को हानि नहीं पहुंची थी।

गौरतलब है कि भूकंप ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की योजना ने भारत और बांग्लादेश को चिंता में डाल दिया है। क्योंकि यह पूरा क्षेत्र भारत और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों में टकराव के कारण चीन के दक्षिण-पश्चिम हिस्से नेपाल और उत्तर-भारत में अकसर भूकंप आते रहते हैं। भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही

दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों असफल हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका एवं भारत समेत अनेक देश मौसम व भूगर्भीय हलचल की जानकारी देने वाले उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित कर चुके हैं। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। इसीलिए इस भूकंप को स्थानीय भू-गर्भीय विविधता का कारण माना गया है। दरअसल प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन और फिर शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के लिए शैतानी निर्माण से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। जापान और फिर क्वोटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है।

ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेषिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं।

विकास के लिए पानी, गैस, खनिज, इस्पात, ईंधन और लकड़ी जरूरी हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। इस वजह से वायुमंडल में इकतरफा दबाव बढ़ रहा है। इस कारण धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है। ऐसे में सीमेंट, लोहा और कंक्रीट के भवन जब गिरते हैं, तो मानव त्रासदी ज्यादा होती है। जैसे कि हमें अमेरिका के लॉस एंजीलिस शहर में लगी आग में देखने में आ रहा है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
गिरीश चन्द्र पाण्डे

जलवायु परिवर्तन की अनदेखी हानिकारक

हाल ही में नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया था। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने किया। एनजीटी का कार्य पर्यावरण से जुड़े विवादों को प्रभावी एवं सुविधाजनक तरीके से शीघ्र निपटाना है। इसलिए इस सम्मेलन की महत्ता स्वयंसिद्ध है। सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इन सभी सत्रों का उद्देश्य भारत और विश्व में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के बीच अर्थपूर्ण संवाद और सहयोग को आगे बढ़ाना था। सम्मेलन में पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवन शैली अपनाने के महत्व. को रेखांकित किया गया। साथ ही इस सम्मेलन में भावी पीढ़ियों को स्वच्छा पर्यावरण उपलब्ध कराने का एक नैतिक दायित्व भी माना गया। चूंकि सभी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और उसका संवर्धन संभव है, इसलिए इसके लिए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह भी किया गया। क्लाइमेट चेंज की भयावह समस्या किसी एक राष्ट्र तक सीमित नहीं है, इसलिए सम्मेलन में वैश्विक पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा पार सहयोग और नवाचारी नीतियों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया ताकि एक साथ पारिस्थितिक संसाधनों के संरक्षण और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके। जहां तक भारत का सम्बन्ध है, केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार भारत कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और मंत्रालय का मानना है कि विकासशील देशों के लिए त्वरित पर्यावरणीय आर्थिक विकास ही जलवायु परिवर्तन से सर्वश्रेष्ठ बचाव है। निश्चित तौर पर इस सम्मेलन को हम क्लाइमेट चेंज की समस्या से निपटने में सहयोग को बढ़ावा देने, जागरुकता लाने तथा पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कह सकते हैं।

हम यह भी देख रहे हैं कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, इससे न केवल ग्लेशियर पिघल रहे हैं बल्कि जंगल की आग भी बड़े पैमाने पर तबाही मचा रही है। ग्लेशियरों के पिघलने से न केवल पर्यावरण बल्कि मानव जीवन और अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। समुद्र के स्तर में वृद्धि होने से तटीय क्षेत्रों और द्वीपीय देशों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। इसीलिए भारत में मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों को अधिक खतरा है। नदियों में पानी की मात्रा अचानक बढ़ने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा भी बढ़ जाता है। यही नहीं, ग्लेशियरों से पिघलकर आने वाला पानी नदियों का मुख्य स्रोत होता है, खासकर गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के लिए। ये तीनों नदियां देश को 63 प्रतिशत के आसपास पानी देती हैं जिनमें अकेले गंगा का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत है। इसलिए ग्लेशियर खत्म होने की स्थिति में इन नदियों में पानी की मात्रा घट जाएगी, जिससे भविष्य में भारत, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में जल संकट गहरा सकता है। कई जीव-जंतु और पौधे ठंडी जलवायु में जीवित रहते हैं। ग्लेशियरों के पिघलने से उनका आवास नष्ट हो जाता है, जिससे कई प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा भी बढ़ जाता है। जैव विविधता पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नदियों में पानी की कमी होने से सिंचाई पर प्रभाव पड़ता है, जिससे कृषि और खाद्य सुरक्षा भी प्रभावित होती है। जलवायु परिवर्तन के मूल कारण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को पहले नियंत्रित करना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ना, ऊर्जा दक्षता में सुधार करना तथा पौधरोपण को बढ़ावा देना दीर्घकालिक समाधान हो सकते हैं। कुछ विश्व नेता अभी भी जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को नजरअंदाज़ कर रहे हैं और इस संकट को हल करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रति पूरी तरह उदासीन दिखाई देते हैं। वे भूल जाते हैं कि क्लाइमेट चेंज की रफ्तार यदि ऐसी ही बनी रही तो उसके समक्ष अथर्व्यवस्था बौनी साबित होगी। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल की भांति इस बार भी अपने को पेरिस जलवायु समझौते से अलग कर लिया है। निश्चित तौर पर इस कदम से वैश्विक प्रयासों में बाधा पड़ती है। उम्मीद करें कि विश्व समुदाय मिलकर पेरिस जलवायु समझौते जैसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों के प्रति अपना वचनबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए निर्णायक कार्रवाई करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

(लेखक साहित्यकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हृदय का करें अनुसरण

संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

एक सत्संग ऐसी भी

संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

अंतर्मन

आज की पाती

जनप्रतिनिधियों को वेतन पेंशन देने का औचित्य

भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लिखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक 'सुविधा और लाभ' की ओर झुका हुआ है। संसद में हो रहे व्यवधान से प्रश्न उठता है कि क्या इन्हें वेतन और पेंशन दी जानी चाहिए या नहीं? भारत की समूह जनता को इस विषय पर चिंतन करना है।

– विवेक सक्सेना, राजनांदगांव

ट्रेंड

'ओडिशा दिवस' हर वर्ष

दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि हर वर्ष 'ओडिशा दिवस' को भव्य रूप से मनाया जाएगा। ओडिशा की संस्कृति, परंपराओं और योगदान का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। हम इसे और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

नशे के खिलाफ़ कदम

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 1 महीने में नशे के खिलाफ़ ऐसे सख्त कदम उठाए हैं, जो पिछले 75 सालों में नहीं हुए। अब इसे जनआंदोलन बनाकर पंजाब के गांव-गांव में जागरूकता फैलाएंगे और लोगों को जोड़ेंगे, हर पिंड से नशे को खत्म करना ही हमारा संकल्प है।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

उत्कल दिवस

प्राकृतिक सुंदरता, प्राचीन शिल्पकारी और अनूठी संस्कृति से समृद्ध ओडिशा राज्य, भारत का गौरव है। सभी प्रदेशवासियों को उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

महाभारत का मंच

महाभारत एक ऐसा मंच होना चाहिए जो कई कहानियाँ कहने का समर्थन करता हो.. यह क्वांटम कहानी कहने के सबसे करीब है.. पात्र पात्रों से विकसित होते हैं.. चलो बात करते हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

करंट अफेयर

तीन मुस्लिम देशों का दौरा आखिर क्या है ट्रंप का प्लान

डोनाल्ड ट्रंप इमिग्रेशन से लेकर टैरिफ तक लगातार सख्त फैसले ले रहे हैं। हालांकि ट्रंप कई देशों से रिश्ते सुधारने में भी जुट गए हैं और इसी एवज में वो तीन मुस्लिम देशों का दौरा करने जा रहे हैं। इस बात की जानकारी खुद ट्रंप ने दी और कहा कि सत्ता में वापसी के बाद पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब की हो सकती है। अगले महीने ही डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा कि उनकी सत्ता में वापसी के बाद पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब की हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि अगले महीने ये यात्रा हो सकती है, या थोड़ा बाद में। उन्होंने इसी के साथ कतर समेत कुछ अन्य देशों में भी जाने की संभावना जताई रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यूएई बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए मैं यूएई और कतर में रुकेंगे। सऊदी अरब के अधिकारियों ने हमारी अमेरिकी कंपनियों में लगभग एक ट्रिलियन डॉलर खर्च करने पर सहमति व्यक्त की है, जिसका अर्थ मेरे लिए नौकरियां हैं। अमेरिकी कंपनियां सऊदी अरब और मध्य पूर्व के अन्य स्थानों के लिए उपकरण बनाएंगी। बता दें कि जनवरी में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी व्यापार और निवेश में 600 बिलियन डॉलर जमा करने का वादा किया था।

ऑफ बीट

दिन में तीन पहरों में रूप बदलती है ज्ञान की देवी मां शारदा

बुंदेलखंड के जालौन जिले में ज्ञान की देवी मां शारदा का ऐसा मंदिर है जिसके बारे में मान्यता है कि एक कुंड से प्रकट हुईं आदि शक्ति दिन के तीन पहरों में

अलग अलग रुपों में अपने भक्तों को दर्शन देती हैं। जिला मुख्यालय उरई से लगभग 30 किमी दूर ग्राम बैरागढ़ में स्थित इस मंदिर में ज्ञान की देवी सरस्वती मां शारदा के रूप में विराजमान हैं। किवदंतियों के अनुसार, यह मंदिर आदिकाल में निर्मित हुआ था और मां शारदा की मूर्ति मंदिर के पीछे बने एक कुंड से निकली थी। इस कारण इस स्थान को शारदा देवी सिद्ध पीठ कहा जाता है। मान्यता है कि देवी प्रतिमा दिन में तीन रूपों में दिखती है, सुबह के समय कन्या के रूप में, दोपहर को युवती के रूप में और शाम को मां के स्वरूप में। इन अद्भुत दर्शनों के लिए श्रद्धालु पूरे देश से यहां आते हैं। पुजारी शारदा शरण द्विवेदी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पाखर का वृक्ष नवरात्र के समय हरा भरा हो जाता है जहां श्रद्धालु पेड़ के नीचे तप और ध्यान भी करते हैं। भक्त मानते हैं कि पेड़ के नीचे बैठकर जो अपनी मन्नत होती है वह पूर्ण होती है। मां शारदा शक्ति पीठ ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पृथ्वीराज चौहान और आल्हा-उदल के युद्ध की साक्षी रही है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लेन-देन सुरक्षित और आसान किया

डिजिटल भुगतान में देश को अग्रणी बनाने में आरबीआई की भूमिका अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने भुगतान तंत्र को आधुनिक बनाने में अहम योगदान दिया है, जिससे लेन-देन सुरक्षित और आसान हुआ है। उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के प्रभाव को उजागर करते हुए कहा कि इसने वित्तीय सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में क्रांति ला दी है, जिससे तुरंत और कम लागत में डिजिटल भुगतान संभव हुआ। इससे वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा मिला। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बातें मुंबई में आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह के दौरान कहीं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 90वीं वर्षगांठ के समापन पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा

मुंबई में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

यूपीआई के प्रभाव को भी उजागर किया

आरबीआई के योगदान की सराहना की

राष्ट्रपति ने कहा कि आरबीआई का योगदान भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता से पहले की चुनौतियों से लेकर आज भारत के एक वैश्विक वित्तीय शक्ति बनने तक की यात्रा में आरबीआई की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि भले ही आम नागरिकों का आरबीआई से सीधा संपर्क नहीं होता, लेकिन उनके सभी वित्तीय लेन-देन इसी संस्था की निगरानी और सुरक्षा में होते हैं।

इन वर्षों में जनता का विश्वास जीता

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बीते 90 वर्षों में आरबीआई की सबसे बड़ी उपलब्धि जनता का विश्वास जीतना रहा है। उसने मूल्य स्थिरता, आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के अपने लक्ष्य को मजबूती से निभाया है। उन्होंने 1990 के दशक में आर्थिक उदारीकरण से लेकर कोविड-19 महामारी के दौरान वित्तीय स्थिरता बनाए रखने तक, हर चुनौती में आरबीआई की भूमिका की सराहना की।

भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति और मजबूत बनाया

उन्होंने भारत के फिनटेक सेक्टर को आगे बढ़ाने में आरबीआई के योगदान की भी प्रशंसा की, जिससे भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार, अनुकूलनशीलता और सुलभ वित्तीय प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि आरबीआई देश की आर्थिक स्थिरता, वित्तीय नवाचार और जनता के भरोसे को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

राष्ट्रपति ने 'सरहुल' पर्व की दीं शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जनजातीय समुदाय द्वारा विशेष उत्साह के साथ मनाए जाने वाले वसंत त्योहार सरहुल पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोग विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने की सीख लेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट किया कि आदिवासी समुदाय द्वारा विशेष उत्साह के साथ मनाए जाने वाले 'सरहुल' पर्व के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह आपके जीवन में अपार खुशियां भर दे।

खबर संक्षेप

पटियाला में पुलिस चौकी के पास विस्फोट

चंडीगढ़। पंजाब के पटियाला जिले में बादशाहपुर पुलिस चौकी के पास विस्फोट जैसी आवाज सोमवार रात को सुनी गयी।

पुलिस ने बताया कि विस्फोट सोमवार रात को सुना गया था, जिसके बाद पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने स्थिति का जायजा लेने के लिए इलाके का दौरा किया। सुरक्षा का जयाजा भी लिया।

शाहजहां गार्डन का नाम अब अहिल्याबाई होलकर

आगरा। उत्तर प्रदेश सरकार महापुरुषों को उचित सम्मान देने के लिए लगातार कदम उठा रही है

आगरा किला के पास स्थित शाहजहां गार्डन का नाम बदलने की प्रक्रिया अब शुरू हो गई है। यह कदम ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ समय से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस तरह की मांग उठाई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की तुषार की याचिका

नई दिल्ली। गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार

गांधी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। गुजरात हाई कोर्ट ने सितंबर 2022 में साबरमती आश्रम के पुनर्विकास को हरी झंडी दी थी। इस परियोजना पर 1200 करोड़ खर्च होने हैं। तुषार गांधी ने अपनी याचिका में इस परियोजना को ही चुनौती दी थी।

ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री से गैस लीक, 3 की मौत

ब्यावर। राजस्थान में अजमेर से अलग होकर नए बने जिले ब्यावर में एक दुखद घटना सामने आई

जब सुनील ट्रेडिंग कंपनी के टैंकर से नाइट्रोजन गैस लीक हो गई। कंपनी मालिक सुनील सिंघल सहित 3लोगों की मौत हो गई। सोमवार देर रात इस हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि 60 से अधिक लोग अभी उपचाराधीन हैं।

अमृतपाल का करीबी 'फौजी' हिरासत में

अजनाला। खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह के करीबी वरिंदर

सिंह उर्फ 'फौजी' को मंगलवार को एक बार फिर सख्त सुरक्षा के बीच अजनाला कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने पंजाब पुलिस की मांग पर विचार करते हुए उसे 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। डिब्रूगढ़ जेल से पंजाब लाया गया था।

कांग्रेस स्थगन प्रस्तावों को खारिज करने से नाराज, टीएमसी-सपा भी रहीं साथ

लोकसभा में हंगामे के बीच बिरला की 3 चेतावनियों संग स्थगित हुई कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद में अक्सर सरकार पर अपनी बात न रखने देने का आरोप लगाने वाले विपक्ष को मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में हंगामा रोककर कार्रवाई चलाने के लिए तीन बार चेतावनी दी। लेकिन सभी बेअसर रहीं और अंत में लोकसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई को दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दरअसल यह पूरा मामला प्रश्नकाल की समाप्ति के बाद 12 बजे लोकसभा में उस वक्त घटा। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शून्यकाल की शुरुआत से ठीक पहले जरूरी सरकारी कागजात लोकसभा के पटल पर रखवाने की प्रक्रिया शुरू की। तभी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसदों ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर अपनी-अपनी सीट पर खड़े होकर नारेबाजी के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान सपा सांसद अपने हाथ में 'सुमन की बात' लिखी हुई तख्ती लिए हुए थे। विपक्षी दलों द्वारा सदन में लगाए जा रहे नारों में झोलझाल नहीं चलेगा, नहीं चलेगा, नरेंद्र मोदी की तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी मुख्य थे।

बिरला ने की सदन चलाने की अपील

हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों से अपील की कि शून्यकाल एक महत्वपूर्ण समय होता है। कई जनप्रतिनिधि इसमें अपने क्षेत्र से जुड़े हुए मुद्दों को उठाना चाहते हैं। ऐसे में हंगामा करना ठीक नहीं है। विपक्षी सांसद अपनी-अपनी सीटों पर बैठ जाएं जिससे कार्रवाई चलाई जा सके। लेकिन बिरला की अपील का विपक्ष पर कोई असर नहीं हुआ और वह लगातार हंगामा करते रहे। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ने तीन बार कार्रवाई स्थगित करने से पहले चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि सदन में तख्ती लेकर नारेबाजी और हंगामा करने की अनुमति नहीं है। यह सदन नियम-प्रक्रियाओं और मर्यादा से चलेगा। बिरला ने विपक्ष से सवाल किया कि क्या वह लोकसभा की कार्रवाई नहीं चलाना चाहते हैं? विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष की अपील और तमाम चेतावनियों को अनसुना कर हंगामा जारी रखा। जिसके बाद अंत में कार्रवाई स्थगित कर दी गई।

इन मुद्दों पर आक्रोशित थे तीनों दल

कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अलग-अलग मामलों पर लगातार दिए जा रहे स्थगन प्रस्तावों को खारिज किए जाने का विरोध कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस सरकार के दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा का स्थानांतरण कोलकाता उच्च न्यायालय में करने के फैसले के खिलाफ आग बबूला थी। जबकि समाजवादी पार्टी अपने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर की गई तोड़फोड़ को लेकर सदन में सरकार के खिलाफ नाराजगी के साथ अपना विरोध जता रही थी। सुमन सपा के वही सांसद हैं, जिनकी बीते दिनों संसद के उच्च सदन में भारत के महान योद्धा राणा सांगा को गद्दार बताने वाली टिप्पणी पर बवाल हो गया था। भाजपा ने इसका खुलकर विरोध करते हुए कहा था कि राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदूस्तान। लोकसभा की कार्रवाई स्थगित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र ने कोलकाता उच्च न्यायालय को कूड़ाघर बना दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश शर्मा संदिग्ध छवि वाले हैं और उनका कार्यकाल भी मात्र दो वर्ष का है। जिसके बाद वह सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इन कारणों की वजह से हम उनकी नियुक्ति का विरोध कर रहे हैं और यह सिलसिला जारी रहेगा।

सांगा विवाद के बीच बोले धनखड़

सभी सांसदों की सुरक्षा अहम सुमन की सुरक्षा पर जताई चिंता

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी मामले में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां उनकी टिप्पणी के चलते उन्हें कई तरह की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राम गोपाल यादव से अपील की कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने साथी सांसद रामजी लाल सुमन पर की गई धमकियों के मामले को शांत कराएं। सपा सांसद सुमन ने सदन में राणा सांगा को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और एनडीए के सदस्य नाराज हो गए थे। सभापति ने टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया था। इन टिप्पणियों को लेकर सुमन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

58 साल तक सुरक्षा की गारंटी दी थी

एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों को हटाने में लगी है हरियाणा सरकार: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा की गारंटी दे रही है तो दूसरी ओर विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को नौकरी से हटाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हटाए गए कर्मचारियों के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक उनके संघर्ष में साथ रहेगी।

सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार चाहे केंद्र की हो चाहे हरियाणा की उसका एक सूत्रीय कार्यक्रम में कि झूठी घोषणाएं कर जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल करो। इस सरकार का खुद का कार्यकाल इस बात का गवाह है कि भाजपा सरकार ने जो भी वायदा किया झूठा किया। पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा की थी कि 15 अगस्त 2024 तक पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले एचकेआरएन कर्मचारियों को नौकरी से नहीं हटाया जाएगा उन्हें 58 साल तक सुरक्षा की गारंटी दी थी। जनवरी में सरकार ने विभिन्न विभागों में एचकेआरएन के तहत कार्यरत सैकड़ोंकर्मचारियों को हटा दिया था, तब हटाए गए कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन भी किया था पर सरकार ने एक न सुनी। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा वन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को ईद के पवित्र त्योहार पर बड़ा झटका देते हुए नौकरी से हटा दिया जिसमें सिरसा के रानियां ब्लाक के साम कर्मचारी भी शामिल है। पंचकूला मुख्यालय के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने इन कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है।

सैलजा ने कहा कि अब एचकेआरएन के तहत विभिन्न विभागों में कार्यरत करीब 1200 कर्मचारियों को हटाया गया है। कर्मचारियों ने सरकार के इस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है। भाजपा सरकार कर्मचारियों से किया गया वायदा करके ही भूल गई, ऐसा भाजपा जान-बूझकर करती है। भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले वादा किया था कि किसी भी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति की उम्र तक नहीं हटाया जाएगा। कुमारी सैलजा ने कहा कि नौकरी से हटाए गए कर्मचारियों को पुनः नियुक्त किया जाए और अन्य कर्मचारियों को सुरक्षा की गारंटी प्रदान की जाए।

छात्र नेता विशाल हत्याकांड

3 आरोपियों पर लगा गैंगस्टर पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप

एजेंसी ▶▶ देवरिया

चर्चित छात्र नेता विशाल सिंह की हत्या मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यह कार्रवाई देवरिया के एकौना थाना क्षेत्र में की गई। बीते 16 नवंबर 2024 को हौलीबलिया निवासी छात्र नेता विशाल सिंह की निर्मम हत्या कर दी गई थी। अभी ये तीनों जेल में बंद हैं।

हाई कोर्ट के आदेश पर कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा शीर्ष कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश पर हस्तक्षेप किया है जिसमें संभल शाही जामा मस्जिद के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की बात कही गई थी। आदेश में एएसआई को मस्जिद के बाहरी हिस्से की सफेदी करने का निर्देश दिया गया था और कहा गया था कि मस्जिद समिति को इस काम के लिए खर्च की प्रतिपूर्ति करनी चाहिए।

मार्च में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 1300 करोड़ रु. से ज्यादा की मंजूरी

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने स्वीकृत की 602 किलोमीटर लंबाई की 115 सड़कें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत देशभर में केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने काम में गति लाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए अकेले महीने भर (मार्च 2025) में ही 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा की मंजूरी प्रदान की है। इस राशि से 602 किलोमीटर लंबाई में 115 सड़कें बनेंगी, वहीं, 186 पुलों के निर्माण को भी केंद्रीय मंत्री चौहान ने स्वीकृति दी है।

पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत मार्च 2025 के दौरान, 1,301.02 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के मूल्य पर 115 सड़कें (602.88 कि.मी.) और 186 पुल स्वीकृत किए गए हैं जिनमें आंध्र प्रदेश में 8 सड़कें (60.42 किमी) और 3 पुल, अरूणाचल प्रदेश में 1 सड़क (7.87 किमी) और 1 पुल, बिहार में 5 सड़कें (33.65 किमी) और 103 पुल, हिमाचल प्रदेश में 21 पुल), मणिपुर में 41 सड़कें (280.97 किमी), मध्य प्रदेश में 6 पुल, मिजोरम में 7 पुल, पुडुचेरी में 41 सड़कें (107.837 कि.मी.), पंजाब में 4 सड़कें (31.07 किमी) और 35 पुल, तमिलनाडु में 12 सड़कें (59.24 कि.मी.), उत्तर प्रदेश में 3 सड़कें (21.90 किमी) और 1 पुल तथा उत्तराखंड में 9 पुल शामिल हैं।

- प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत मार्च 2025 में 647 करोड़ रु. की 428 सड़कें एवं 2 पुल स्वीकृत

सिंह ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत मार्च 2025 में 647.50 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के मूल्य पर 428 सड़कें (886.61 कि.मी.) और 2 पुल स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें म.प्र. की 377 सड़कें (738.99 कि.मी.), ओडिशा की 26 सड़कें (63.27 कि.मी.) व 2 पुल एवं त्रिपुरा की 25 सड़कें (84.35 कि.मी.) शामिल हैं। इस अवधि में 3,410 कि.मी. लंबाई की 343 सड़कों व 154 पुलों का निर्माण योजना अंतर्गत राज्यों द्वारा पूरा किया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, कुछ पूर्व निर्धारित मापदंडों के आधार पर पूर्वोत्तर व पहाड़ी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों सहित अन्य राज्यों में 2024-25 के दौरान पीएमजीएसवाई के कार्यान्वयन के प्रदर्शन का आंकलन करने के बाद, सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों को 870 करोड़ रु. की प्रोत्साहन राशि दी गई है। इसमें आंध्र प्रदेश को 34 करोड़ रु., अरुणाचल को 59 करोड़ रु., बिहार को 138 करोड़ रु., हरियाणा को 27 करोड़ रु., कर्नाटक को 37 करोड़ रु., लद्दाख को 3 करोड़ रु., म.प्र. को 177 करोड़ रु. और तमिलनाडु को 61 करोड़ रु. दिए गए हैं। साथ ही, असम को 112 करोड़ रु., राजस्थान को 130 करोड़ रु. एवं छत्तीसगढ़ को 92 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

चौहान, पुरंदेश्वरी और प्रधान सहित कई नाम चर्चा में

भाजपा को इसी महीने नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने की संभावना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा का नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान इसी महीने हो सकता है। बताया जा रहा है कि नागपुर में संघ प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक में भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई और इस बात पर सहमति बनी कि जल्द ही कुछ राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर दी जाए। चर्चा है कि शिवराज सिंह चौहान, डी. पुरंदेश्वरी, धर्मेन्द्र प्रधान, सुनील बंसल, वानति श्रीनिवासन प्रमुख तौर पर दौड़ में आगे हैं। हालांकि कोई ऐसा नाम भी अध्यक्ष के रूप में सामने आ सकता है जो ज्यादा चर्चा में नहीं है।

जल्द और प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होंगे

13 राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं और वहां के प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा भी हो गई है। जल्द ही हरियाणा,उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्यों में भी प्रदेश अध्यक्षों के नाम पर मुहर लग जाएगी। भाजपा के चुनावी नियमों के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है, जब कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो जाएं। इसके लिए बूथ, मंडल और जिला स्तर पर चुनाव पहले ही कराए जा चुके हैं। 19 प्रदेश अध्यक्षों के नाम तय होने के बाद अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया होगी।

नड्डा 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बने

गौरतलब है कि जेपी नड्डा ने 2019 में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी संभाली थी। फिर जनवरी 2020 में उन्हें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाया गया था, क्योंकि लोकसभा चुनाव चल रहे थे। अब नड्डा मोदी सरकार में मंत्री हैं। हरियाणा में बड़ौली के फिर से अध्यक्ष बनने की उम्मीद है। बड़ौली के प्रदेश अध्यक्ष रहते ही पार्टी लगातार तीसरी बार राज्य में अपनी सत्ता कायम रखने में कामयाब हुई है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलफाम** पुत्रः **साबिर** निवासीः **म.नं. 132ए, मेट्रो विहार, फेस–2, होलम्बी कलां, दिल्ली** ने case **FIR No. 145/11 U/s 457/380 IPC, थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **गुलफाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गुलफाम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती case **FIR No. 145/11 U/s 457/380 IPC, थाना बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गुलफाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा चौंकर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4002/RD/2025(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रोहित पुत्रः श्री खुशपाल, पताः** मकान नं. एन–82/80, सिगरेट वाला बाग, मॉडल टाउन, दिल्ली ने **FIR No. 79/2024, U/s 25/54/59 Arms Act**, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 79/2024, U/s 25/54/59 Arms Act**, थानाः मॉडल टाउन, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोत, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (उ0)
कोर्ट नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4090/NW/2025 (Court Matter)

शेयर बाजार में तबाही

सेंसेक्स 1390 और निफ्टी 354 अंक टूटा

मुंबई (भाषा)। शेयर बाजार में नए वित्त वर्ष के पहले दिन बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,390 अंक का गोता लगा गया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तथा निजी बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,390.41 अंक यानी 1.80 प्रतिशत लुढ़क कर 76,024.51 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 28 नुकसान में रहे। केवल दो में लाभ रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 353.65 अंक यानी 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,165.70 अंक पर बंद हुआ।दोनों मानक सूचकांकों में यह एक महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

नए शिखर पर सोना

94150 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचे दाम

नई दिल्ली (भाषा)। स्टॉकिस्ट और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर लिवाली के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में 2,000 रुपये की तेजी आई और यह 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह सोने में दो माह में एक दिन का सबसे बड़ा उछाल है। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी की कीमतों में तीन दिन की तेजी का सिलसिला टूट गया और मंगलवार को यह 500 रुपये घटकर 1,02,500 रुपये प्रति किलो रह गई।

सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वाले सबसे तेजी से बढ़े, गोल्ड लोन में 87 फीसदी का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में गोल्ड लोन की मांग लगातार तेजी बढ़ रही है। आरबीआई के नए आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2025 में सोने के गहनों के बदले दिए जाने वाले कर्ज में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। 21 फरवरी 2025 तक बैंकों द्वारा बांटे गए गोल्ड लोन में 87.4 प्रतिशत फीसदी का तेज उछाल आया है और यह बढ़कर 1.91 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। यह वृद्धि पर्सनल लोन की श्रेणी में सबसे तेज रहा है।

एक साल पहले 23 फरवरी 2024 यह आंकड़ा 1.02 लाख करोड़ रुपए था और इसकी वृद्धि दर भी केवल 15.2 फीसदी थी। आरबीआई के अनुसार, पर्सनल लोन की कुल वृद्धि 19 प्रतिशत रही, लेकिन सोने के आभूषण के एवज पर लिए गए कर्ज में सबसे अधिक उछाल देखा गया। यह दर्शाता है कि आर्थिक दबाव या तुरंत नकदी की जरूरत के चलते लोग अधिक मात्रा में सोना गिरवी रखकर लोन ले रहे हैं। आरबीआई ने यह आंकड़े 41 बैंकों से जुटाए हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से अन्य असुरक्षित कर्ज पर सख्त नियम लागू होने के कारण हुई है। भारत दुनिया में सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, यहां आमतौर पर त्योहारों और शादियों के दौरान सोने की खरीदारी की जाती है।

बैंकों द्वारा बांटा गया गोल्ड लोन बढ़कर 1.91 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

अन्य कर्ज की स्थिति

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, सालाना आधार पर व्यक्तिगत ऋण श्रेणी की दर वृद्धि में गिरावट आई है। फरवरी 2023 में यह दर 19.5 फीसदी थी, जो इस साल घटकर 8.5 फीसदी रह गई है। इसी अवधि में अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण, उपभोक्ता लॉन्ग टर्म सामानों पर कर्ज और अन्य पर्सनल लोन की ग्रोथ घटी है। हालांकि, क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2.9 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

किस लोन में कितना उतार-चढ़ाव

फरवरी 2024 में गोल्ड लोन 15.2 प्रतिशत चढ़ा तो इसी महीने 2025 में 87.4 प्रतिशत। जबकि, दूसरे पर्सनल लोन की बात करें तो फरवरी 2024 में 21.7 प्रतिशत था और फरवरी 2025 में 7.9 प्रतिशत रह गया।फरवरी 2024 में एजुकेशन लोन जहां 23.9 प्रतिशत था तो फरवरी 2025 में 15.3 प्रतिशत रह गया। होम लोन भी 36.4 की ग्रोथ से घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया। कार लोन में वृद्धि 2024 में 17.6 तो फरवरी 2025 में 9.6 फीसद रह गई।

आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ समापन समारोह में बोले गवर्नर

आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाकर विनियामक ढांचे को लचीला बनाएगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम करने के लिए विनियामक ढांचे को लचीला बनाने के साथ-साथ उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता का मंगलवार को उल्लेख किया।

- वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम किया जाएगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में उन्होंने कहा, ''इसे एक उपलब्धि समझते हुए हम मानते हैं कि आरबीआई की भूमिका प्रारंभिक लक्ष्यों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित हुई है।''

चुनौतियां तेजी से बढ़ रही

गवर्नर ने कहा, ''आज हम परंपरा व परिवर्तन के संगम पर खड़े हैं...जहां मूल्य स्थिरता, वित्तीय स्थिरता तथा आर्थिक वृद्धि की अनिवार्यताएं तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी, वैश्विक अनिश्चितताओं, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और बढ़ती सार्वजनिक अपेक्षाओं के साथ जुड़ती हैं।''

खास बातें

- उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने केंद्रीय बैंक प्रतिबद्ध
- आज हम परंपरा व परिवर्तन के संगम पर खड़े हैं

अगला दशक वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण

गवर्नर ने कहा कि अगला दशक भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। आरबीआई वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम ग्राहक सेवाओं में निरंतर सुधार तथा उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे।

स्थिरता व दक्षता के बीच संतुलन जरूरी

हमारा प्रयास वित्तीय स्थिरता व दक्षता के हितों को संतुलित कर हमारे नियामक ढांचे को लचीला बनाना होगा। हम प्रौद्योगिकी व नवाचार का समर्थन करना जारी रखेंगे। हम सतर्क, लचीले और दूरदर्शी बने रहेंगे।'' मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया कि आरबीआई सभी हितधारकों, सरकारों और वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के साथ प्रभावी ढंग से सहयोग करना जारी रखेगा।

सुधार के लिए हर संभव प्रयास

गवर्नर ने कहा कि आरबीआई वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इसके लिए इसकी पहुंच का विस्तार करेगा, इसकी दक्षता बढ़ाएगा और उभरते आर्थिक परिदृश्य में इसके लचीलेपन को बढ़ाएगा। गवर्नर ने कहा, ''भले ही हम नई प्रौद्योगिकियों और आधुनिक विनियामक दृष्टिकोणों को अपना रहे हों, लेकिन ईमानदारी, पारदर्शिता व सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी।

भारत के लोगों को बैंक पर भरोसा

भारत के लोगों का केंद्रीय बैंक पर जो भरोसा है, वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। हम इसे बनाए रखने तथा आने वाले वर्षों में इसे और मजबूत बनाने का दृढ़ संकल्प रखते हैं।'' उन्होंने कहा कि यह संस्था राष्ट्र की है और आरबीआई लोगों, वित्तीय प्रणाली तथा अर्थव्यवस्था के हितों की पूर्ति करने के लिए संकल्प से प्रेरित होकर प्रत्येक निर्णय लेता रहेगा।

आरबीआई व सरकार के बीच तालमेल जरूरी: राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रौद्योगिकी की प्रगति से वित्तीय धोखाधड़ी का जोखिम बढ़ रहा है और वृहद आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए केंद्रीय बैंक और सरकार के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने नए केंद्र का शुभारंभ

नजफगढ़ (दिल्ली)। नीट और जेईई के लिए परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने दिल्ली के नजफगढ़ में शुभारंभ करते हुए खुशी व्यक्त की है। इस प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के केन्द्र का उद्घाटन एमएलए नजफगढ़ (दिल्ली) में नीलम कृष्ण पहलवान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र महत्वाकांक्षी छात्रों के शैक्षिक भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही आकाश इंस्टीट्यूट की उपस्थिति छात्र समुदाय के लिए असाधारण सीखने के अवसर प्रदान करेगी और बहुत लाभ पहुंचाएगी। इस विस्तार के साथ, एईएसएल का लक्ष्य क्षेत्र के अधिक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह कदम शीर्ष स्तरीय तैयारी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उठाया गया है।

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई में मुख्य भूमिका में नजर आए राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम

नई दिल्ली। हाल ही में अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच, डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन और राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सशक्त नेतृत्व पर विचार विमर्श करना था। बैठक के दौरान प्रदेश संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. अतुल मलिकराम ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, श्माननीय केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी के नेतृत्व में, हम प्रदेशभर में पार्टी संगठन को सशक्त करेंगे और वार्ड स्तर पर अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करेंगे, ताकि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा को पहुँचाया जा सके।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बंटी निवास** एन-182, रघुबीर नगर, दिल्ली ने **FIR. No. 647/15 U/s 498A IPC. थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बंटी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बंटी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 647/15 U/s 498A IPC. थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बंटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के सम्मुख (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शिवली तलवार
जेएमएफसी-01, महिला कोर्ट
कमरा नं.-358, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4071/WD/2025
(Court Matter)

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

डीएफबी पोकल सेमीफाइनल को वेव्स ओटीटी पर लाइव देखें - 2 और 3 अप्रैल

नई दिल्ली। भारत भर के फुटबॉल प्रशंसक दो रोमांचक रातों के लिए तैयार हो सकते हैं क्योंकि डीएफबी पोकल के सेमीफाइनल 2 और 3 अप्रैल को शुरू होंगे। मैचों को प्रसार भारती के आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। रोमांचक क्वार्टर फाइनल के बाद - जिसे वेव्स पर भी प्रसारित किया जाएगा - टूर्नामेंट अब 24 मई को होने वाले ग्रैंड फिनाले से पहले अपने अंतिम चरण में प्रवेश करेगा। इस वैश्विक खेल आयोजन का जश्न मनाने के लिए, एक विशेष प्रतियोगिता शुरू की गई है, जिसमें दो भाग्यशाली भारतीय प्रशंसकों को बर्लिन में डीएफबी-पोकल फाइनल के लिए जर्मनी की पूरी तरह से भुगतान की गई यात्रा जीतने का एक बार का मौका मिलेगा।

जियोहॉटस्टार पर आईपीएल मुफ्त- जियो ने 15 अप्रैल तक बढ़ाया क्रिकेट ऑफर

मुंबई। क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी, जियो अपने मौजूदा और नए ग्राहकों के लिए जो विशेष क्रिकेट ऑफर लेकर आया था, उसे कंपनी ने 15 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दिया गया है। पहले यह ऑफर 31 मार्च को समाप्त होने वाला था। ऑफर के तहत 299 रुपये या अधिक के प्लान वाला नया जियो सिम कनेक्शन लेने पर या फिर कम से कम 299 रुपये का रिचार्ज कराने पर जियो ग्राहक, जियोहॉटस्टार पर मुफ्त में आईपीएल क्रिकेट सीजन का मजा ले सकते हैं।इस अनलिमिटेड क्रिकेट ऑफर में ग्राहकों को टीवी/मोबाइल पर 90-दिन का मुफ्त जियोहॉटस्टार सब्सक्रिप्शन मिल रहा है और वो भी 4K क्वालिटी में। जिससे ग्राहक आईपीएल क्रिकेट सीजन का मुफ्त में आनंद उठा पा रहे हैं।

फेनेस्टा के पदचिन्हों का विस्तार रायपुर में खुला एक नया शोरूम

रायपुर। फेनेस्टा, भारत के सबसे बड़े एवं सबसे भरोसेमंद विंडो और डोर ब्रांड, ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक नए शोरूम का उद्घाटन कर अपने पदचिन्हों का विस्तार किया है। यह शोरूम, मेसर्स बाथ क्रिएशंस, कैपिटल स्क्वायर कॉम्प्लेक्स, धमतरी रोड, लालपुर, रायपुर में स्थित है, जिसका उद्देश्य अपने ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स और बिल्डरों को एल्युमीनियम विंडो और डोर, uPVC विंडो और डोर, और सॉलिड पैनल डोर की रेंज उपलब्ध कराना है।यह कदम ऐसे मौके पर उठाया गया है जब शहरीकरण और अवसंरचना विकास तेज होने के कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में फेनेस्टा के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की मांग बढ़ रही है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अचिल कार्लोस, पुत्र टेडोनजैप, निवासी द्वारका, नई दिल्ली, मोहन गार्डन, दिल्ली** ने **FIR No. 653/2021, U/S 14F Act, अन्तर्गत थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अचिल कार्लोस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अचिल कार्लोस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 653/2021, U/S 14F Act, अन्तर्गत थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अचिल कार्लोस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
डॉ. अनीजा बिश्नोई,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07 (पश्चिम)
कमरा नं. 289
तीस हजार कोर्ट, दिल्ली

DP/4120/WD/2025(Court Matter)

राशिफल

मेष — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

मोपा एयरपोर्ट और डोडामार्ग गोवा के विकास का भविष्य

नई दिल्ली। मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास का विकास उत्तरी गोवा और डोडामार्ग को पर्यटन व्यवसाय और रियल एस्टेट के लिए एक संपन्न केंद्र में बदलने के लिए तैयार है। सड़क नेटवर्क, राजमार्गों और बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश के साथ, यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है, निवेशकों, डेवलपर्स और व्यवसायी को आकर्षित कर रहा है। मोपा के पास स्थित डोडामार्ग एक रियल एस्टेट हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है, जो प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्लॉटेड डेवलपमेंट, लक्जरी विला और वाणिज्यिक स्थान प्रदान करता है। हवाई अड्डे से इसकी निकटता और सुंदर परिवेश इसे निवेश के लिए एक प्रमुख स्थान बनाते हैं। एक प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर फर्म के ग्लोबल सेल्स हेड श्री आशीष डे के अनुसार, कई हाई प्रोफाइल प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं, जिनमें एक विश्व स्तरीय कैसीनो और मनोरंजन केंद्र एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और कॉर्पोरेट कार्यालयों, होटलों और खुदरा केंद्रों के साथ एक एयरोसिटी शामिल है, जो न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। बेहतर कनेक्टिविटी, बड़े पैमाने पर निवेश और तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजार के साथ, मोपा और डोडामर्ग व्यापार और अवकाश दोनों के लिए प्रमुख गतंव्य बनने के लिए तैयार है।

भारत की वृद्धि दर उन्नत देशों में सबसे अधिक रहेगी

नई दिल्ली। भारत की वृद्धि दर कर उपायों व निरंतर मौद्रिक सहजता के दम पर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत रहेगी जो कि जी-20 देशों में सबसे अधिक होगी। साथ ही देश पूंजी आकर्षित करना जारी रखेगा और किसी भी विदेशी निकासी को झेल सकेगा। मूडीज रेटिंग्स ने उभरते बाजारों पर मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी नीतियों के मंथन तथा वैश्विक पूंजी प्रवाह, आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार व भू-राजनीति को नया आकार देने की उसकी क्षमता के कारण ऐसी अर्थव्यवस्थाओं पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। हालांकि, बड़े उभरते बाजारों के पास इससे निपटने के लिए संसाधन हैं। रिपोर्ट में कहा गया, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक गतिविधि उच्च स्तरों से थोड़ी धीमी हो जाएगी, लेकिन इस साल और अगले साल मजबूत रहेगी। चीन में, बुनियादी ढांचे और प्राथमिकता वाले उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निर्यात तथा निवेश वृद्धि के मुख्य चालक बने हुए हैं, जबकि घरेलू खपत कमजोर बनी हुई है। मूडीज ने साथ ही कहा कि अमेरिकी नीतियों में अनिश्चितता से पूंजी निकासी का जोखिम बढ़ेगा, लेकिन भारत तथा ब्राजील जैसे बड़े उभरते बाजार अपनी बड़ी और घरेलू रूप से उन्मुख अर्थव्यवस्थाओं, बड़े घरेलू पूंजी बाजारों, मध्यम नीति विश्वसनीयता व पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के दम पर ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक पूंजी को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।

शब्द पहेली - 5823



बाएँ से दाएँ
1. अशांति, उपद्रव-5
4. गुंडा, बदमाश-3
6. समान-2
7. वारंट, निर्गमपत्र-3
8. पत्र, पाती-2
10. आश्रय-3
11. भेंट, पुरस्कार-4
14. अनुमान, अंदाज-3
16. जो लायक न हो-4
17. एक खलनायक-2
18. जीव, जीवन-2
19. जांचना-परखना-4
21. ख्वाब, स्वप्न-3
22. बलशाली-4
24. रेखा, पंक्ति-3
25. प्यार (अंग्रेजी में-2)
27. भाग्य, किस्मत-3
28. पैंतरा, पारी-2
29. डांट-डपट, घुड़की-3
30. तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

ऊपर से नीचे
1. समानता का विलोम-5
2. सीता के पति-2
3. रोना, विलाप करना-4
4. सोच-विचार-3
5. जूं का अंडा-2
7. चाहने का भाव-2
9. भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12. दशानन-3
13. मधुशाला-4
15. गुजर-बसर-3
16. नामांकित-4
17. मसविदा, रुप-रेखा-3
18. गंवार-3
20. मन को भाने वाला-5
21. आसान, सीधा-3
22. बारिश-4
23. पागल-3
24. होठ, अधर-2
26. हत्या-2
28. अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली- 5822 का हल

	म	हा	भा	र	त		प	र	वा	ना
त	न		स्क		मा	हि	र		र	ज
न		त	र	क	श		ख	र		वा
ब	ल्ब	क			बी	वी		न	ज	र
द		दी		दा	न		फां		ल	
न	ज	र	बं	द		न	सी	ब	वा	ला
	रु		दी		म	न		च		प
श	री	र		जं	हा			प	गा	र
य		न	न		सा	ज	वा	न		वा
फ	ल		स	ज	ज		च		आ	ह
त	क्ष	शि	ला		र	द्र	क	र	ना	

सूडोकु नवताल- 5833

सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

MAHGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 5832 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया और कहा कि अपने 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर के शिखर पर वह विदा ले रही हैं। भारत के लिये 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर कटारिया ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं। उनके नाम 158 गोल भी दर्ज हैं। कटारिया ने कहा ,'' आज भारी लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं। यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूँ क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने कैरियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।''

भारतीय फॉरवर्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया

- वंदना ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले
- भारत के लिए 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर
- कटारिया के नाम 158 गोल दर्ज है

कोच व मेंटर्स ने मेरी हॉकी को तराशा

कटारिया ने कहा ,'' अपनी साथी खिलाड़ियों, अपनी बहनों से मैं यही कहूंगी कि आपके लगाव और विश्वास ने मुझे बल दिया। मेरे कोचों और मेंटर्स ने अपनी सूझबूझ और मुझ पर भरोसे के सहारे मेरे कैरियर को तराशा।'' हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कटारिया के बारे में कहा ,'' वह गोल ही नहीं करती थी बल्कि भारतीय आक्रमण की धड़कन थी। अथक परिश्रम करने वाली और मोर्चे से अगुवाई करने वाली।''

फारवर्ड पंक्ति को धार देती थी : टिर्की

टिर्की ने कहा ,'' उसकी मौजूदगी ने भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति को धार दी , खासकर भारी दबाव वाले मैचों में। वैश्विक स्तर पर भारतीय टीम की कामयाबी में उसका अहम योगदान रहा। उसने भावी पीढी के लिये नये मानदंड कायम किये हैं।''

विदाई थकान के वजह से नहीं

स्ट्राइकर ने कहा ,'' यह विदाई थकान की वजह से नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी। भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।''

2009 में सीनियर टीम में किया प्रवेश

2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

टोक्यो के बारे में रोंगटे खड़े हो जाते हैं

वंदना ने कहा ,'' टोक्यो के बारे में सोचकर अभी भी मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। वह ओलंपिक खास था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच मेरे कैरियर का सबसे जज्बाती मैच था। वह हैट्रिक खास थी और उससे भी महत्वपूर्ण यह था कि हमने साबित किया था कि हम वहां तक पहुंच सकते हैं।''

महिला नेशंस कप विजेता टीम का हिस्सा रही

कटारिया 2016 और 2023 महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के साथ एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2022 में स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा थी। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों और 2018 चैम्पियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीता। वह 2022 राष्ट्रमंडल खेल, 2014 और 2022 एशियाई खेल और 2021 . 22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य जीतने वाली टीम में भी थी।

भुवनेश्वर में भारत के लिए आखिरी मैच खेला

हरिद्वार की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिये आखिरी मैच खेला। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे। उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता। उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी। उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिये मंच दिया।''

खास खबर

मैं हर मैच में अपने प्रदर्शन में सुधार लाना चाहता हूं: अर्शदीप

लखनऊ। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलोचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

यह मुकम्मिल प्रदर्शन था : मुंबई की जीत पर बोले विलियमसन

मुंबई का यह संपूर्ण प्रदर्शन रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल में जहां टीमें रनों का अंबार लगा रहीं हैं, ऐसे में मुंबई इंडियंस ने गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले मैच में 116 रन पर आउट कर दिया और न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटर केन विलियमसन ने इसकी तारीफ की है। मुंबई ने इस सत्र में पहली जीत दर्ज करते हुए केकेआर को आठ विकेट से हराया।

विलियमसन ने जियो हॉटस्टार पर कहा ,'' यह संपूर्ण प्रदर्शन था। टॉस जीतना, गेंदबाजी चुनना और रणनीति पर खूबसूरती से अमल करना। एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार को लाना जिसने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लगातार विकेट चटकाये जो देखकर अच्छा लगा।'' विलियमसन ने कहा ,'' आजकल इंपैक्ट खिलाड़ी के

नियम से अब टीमें बड़े स्कोर बना रही हैं लेकिन मुंबई ने पूरे मैच में दबाव बनाये रखा।'' पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी ने तीन ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिये। वह आईपीएल पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने।

केकेआर सही रणनीति बनाने में नाकाम रही

पंजाब के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि केकेआर सही रणनीति बनाने में नाकाम रही। मैच हालात और मैदान के हालात के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं की। उन्होंने कहा ,'' कई बार हालात को ध्यान में रखना सबसे जरूरी होता है। यह पारंपरिक बल्लेबाजी वाला विकेट नहीं था, खासकर नयी गेंद से। ऐसे में शुरूआत में एहतियात बरतनी जरूरी थी। गेंद के पुरानी और नरम होने के बाद शॉट खेलने चाहिये थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ।''

पंजाब की लगातार दूसरी जीत, अर्शदीप ने झटके 3 विकेट

प्रभसिमरन-अय्यर के अर्धशतक से किंग्स ने सुपर जाइंट्स को हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर के तूफानी अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को आठ विकेट से हराकर दो मैच में दूसरी जीत दर्ज की। सुपर जाइंट्स के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन की 34 गेंद में तीन छक्कों और नौ चौकों से 69 रन की पारी और कप्तान श्रेयस अय्यर (52 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 84 रन की साझेदारी की बदौलत 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाकर जीत हासिल की। अय्यर ने निहाल वढेरा (नाबाद 43, 25 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। लेग स्पिनर दिग्वेश



राठी सुपर जाइंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए। सुपर जाइंट्स ने इससे पहले निकोलस पूरन के 44 और आयुष बडोनी के 41 रन की बदौलत सात विकेट पर 171 रन बनाए। बडोनी ने डेथ ओवरों में अब्दुल समद (27) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 47 रन जोड़कर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 43 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन ने शारदुल ठाकुर के पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन प्रियांश आर्या (08) राठी की गेंद पर जीवनदान मिलने के बावजूद एक गेंद बाद शारदुल को कैच दे बैठे। प्रभसिमरन ने आवेश खान पर छक्का जड़ने के बाद रवि बिश्नोई की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा और अय्यर के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 62 रन तक पहुंचाया।

दक्षिण अफ्रीका के कोच वाल्टर ने दिया इस्तीफा

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर निजी कारणों से इस महीने के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। वाल्टर ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया जिसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने स्वीकार कर लिया है। मार्च 2023 से इस पद पर काबिज वाल्टर ने वैश्विक मंच पर दक्षिण अफ्रीका की हालिया सफलताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया जहां वे बारबाडोस में भारत से हारकर उपविजेता रहे।

पुणेरी के जाने पर यूटीटी ने कोलकाता को किया शामिल

नई दिल्ली। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) ने अगले महीने से शुरू होने वाले आगामी सत्र के लिए नई फ्रेंचाइजी कोलकाता थंडरब्लेड्स को शामिल किया है जबकि पुणेरी पल्टन के मालिक लीग से बाहर हो गए हैं। पुनीत बालन ग्रुप के स्वामित्व वाली बेंगलुरू स्मैशर्स ने पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद अपना नाम बदलकर पुणे जगुआर रख लिया है। कोलकाता फ्रेंचाइजी के जुड़ने और पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद टूर्नामेंट में आठ टीमें बनी रहेंगी।

जीत की हैट्रिक लगाने टाइटंस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी आरसीबी

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स का मानना है कि उसके दो गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं।

खबर संक्षेप

मैनी फोर्ड की टीम के लिए रेसिंग करेंगे

माईपाथ (जर्मनी)। भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी जर्मन टूरिंग कार रेसिंग सीरीज में अपने पांचवें साल में एचआरटी फोर्ड परफॉर्मेंस टीम के लिए रेसिंग करेंगे। पिछले साल मैनी ने ड्राइवरों की तालिका में सातवां स्थान हासिल किया था जो डीटीएम (ड्यूश टूरेनवेगन मास्टर्स) करियर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा था। पिछले तीन सत्र (2021 से 2023 तक) में बेंगलुरु का यह 27 वर्षीय ड्राइवर क्रमशः 12वें, 19वें और 20वें स्थान पर रहा था। नए डीटीएम सत्र के लिए परीक्षण का आधिकारिक दिन बुधवार को मोटरस्पोर्ट एरिना ओशर्सलेबेन में होगा।

सप्तक और थंगराज आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप में शीर्ष पर

ग्रेटर नोएडा। श्रीलंका के एन थंगराजा और अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे स्थानीय खिलाड़ी सप्तक तलवार ने मंगलवार को यहां अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप के शुरुआती दौर के बाद पांच अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। डेढ़ करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामें में महू के ओम प्रकाश चौहान, दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, गुरुग्राम के सुनहित बिश्नोई और बांग्लादेश के मोहम्मद सोमरत सिकदर जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट में चार अंडर 68 के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर है।

विश्व मुक्केबाजी कप

भारत की रही निराशाजनक शुरुआत, परेरा से हारा चाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरूआत निराशाजनक रही जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए।

- चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में ब्राजील के परेरा से हार

मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैम्पियन चाहर को प्री क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैम्पियनशिप 2023 रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में 5-0 से हराया। चाहर के लिये यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिये। चाहर ने 150 में से 149 अंक बनाये जबकि चाहर के 135 अंक रहे। भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे। जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस ट्राउब्रिज से होगा।

निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे। विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है।

एलीट मुक्केबाज पहली बार उतरी

पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं। इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किये गए नये भारवर्गों में खेलेंगे।

कोहली खेलेंगे 2027 का वनडे विश्व कप

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच विराट कोहली ने फैंस और क्रिकेट प्रेमियों को बहुत बड़ी अपडेट दी है। आईपीएल का 18वां सीजन खेलने में व्यस्त विराट कोहली ने एक इवेंट के दौरान बड़ा खुलासा कर दिया है। कोहली ने 5 सेकेंड में कुछ ऐसा कह दिया जिस पर उनके फैंस को यकीन ही नहीं हो रहा है। अब विराट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भारत ने जीता था। फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात दी थी। फैंस को डर था कि जीत के बाद कहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली संन्यास का एलान ना कर दें। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि मैं अभी कहीं नहीं जाने वाला। वहीं अब विराट कोहली ने ना सिर्फ संन्यास पर बल्कि वनडे विश्व कप 2027 पर भी बड़ा अपडेट दिया है। एक इवेंट के दौरान जब विराट कोहली से पूछा गया कि वर्तमान को देखते हुए, क्या आप अगले बड़े कदम के बारे में कोई संकेत दे सकते हैं? इस पर विराट कोहली ने कहा, 'अगला बड़ा कदम? मुझे नहीं पता। शायद अगला विश्व कप 2027 जीतने की कोशिश करें।' इस जवाब के साथ ही कोहली ने साफ भी कर दिया है कि विराट कोहली अभी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहे हैं।

संदिग्ध गेंजबाजी एक्शन की शिकायत झेलना पड़ा था मैट को

क्लीन चिट के बाद कुहनेमन को मिला आस्ट्रेलिया का अनुबंध

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 2025 . 26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में श्रृंखला में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया था।

कुहनेमन ने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिये हैं जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है। उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन

चिट मिल गई है। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है। कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची

पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, एडम जम्पा।

पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने कोलकाता के चार विकेट चटकाए

अश्वनी ने आईपीएल में पदार्पण का श्रेय कप्तान हार्दिक को दिया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के नये खिलाड़ी अश्वनी कुमार ने मंगलवार को कहा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण से पहले उन्हें यह याद दिलाकर उनकी घबराहट दूर कर दी कि 'पंजाबी निडर हैं' और उन्हें बस मैदान पर जाकर प्रतिद्वंद्वी टीम में खौफ पैदा करना चाहिए।

पंजाब के झंजेरी के इस 23 वर्षीय वामहस्त तेज गेंदबाज ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को 24 रन देकर चार विकेट झटककर टीम को आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। वह इसके साथ ही आईपीएल में अपने पहले मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए।

पहली ही गेंद पर लिया विकेट

वह पिछले 10 साल में आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे अश्वनी के धैर्य से काफी प्रभावित हुए।

घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया

अश्वनी ने मैच के पहले घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया था और सिर्फ केला खाकर मैदान पर उतरे थे। उन्होंने खुद को सहज कराने का श्रेय अपने कप्तान को दिया। अश्वनी ने 'आईपीएलटी20डॉट कॉम से कहा, ''यह बहुत अच्छा अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा। हार्दिक भाई ने मुझसे कहा, 'तुम पंजाब से हो और पंजाबी निडर होते हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को डराओ और इसका मजा लो।''

मेरा पसंदीदा विकेट रसेल का रहा

अश्वनी ने कहा, '' मनीष पांडे ने मेरे खिलाफ चौका जड़ा था। हार्दिक ने मुझे बल्लेबाज की शरीर के पास गेंदबाजी करने की सलाह दी थी। मेरा पसंदीदा विकेट आंद्रे रसेल का था क्योंकि वह बहुत बड़े खिलाड़ी है। हार्दिक भाई ने मुझे बेखौफ होकर खेलने की सलाह दी थी इसलिए मैंने अपनी योजना के साथ गेंदबाजी जारी रखी।'' अश्वनी की सफलता से उनके परिवार और दोस्त भी बहुत खुश हैं।

मेरा पूरा गांव बहुत खुश है

अश्वनी ने कहा, ''मेरा पूरा गांव बहुत खुश है क्योंकि मुंबई सबसे अच्छी टीम है और इसमें कई बड़े खिलाड़ी हैं।''अश्वनी आईपीएल में मुंबई इंडियंस द्वारा खोजी गई युवा भारतीय प्रतिभाओं की लंबी और शानदार सूची में शामिल हो गए हैं। इसमें जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या, कुणाल पंड्या और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत सतत सहायता कर रहा

भारतीय नौसेना के आईएनएस सतपुड़ा और सावित्री 50 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार पहुंचे, घड़ियाल भी 442 टन वस्तुओं के साथ मदद देने रवाना

म्यांमार में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि यांगून, नेपीडॉ और मांडले तक बड़े पैमाने पर राहत सहायता पहुंचाई गई। इसके लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और भारतीय वायुसेना के छह विमानों का इस्तेमाल किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। भारत भी 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत म्यांमार को सहायता प्रदान कर रहा है।

भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत, आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री, 50 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह सोमवार देर रात पहुंचे। म्यांमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने मंगलवार की सुबह सामग्री को म्यांमार के अधिकारियों को सौंप दिया है।

खास बातें

- भारतीय वायुसेना का सी-130जे विमान 16 टन राहत सामग्री लेकर रवाना
- पहले हाइजीन किट, जनरेटर, दवाइयां, टेंट, खाने का सामान पहुंचाया

भूकंप पीड़ितों को पहुंचाई जा रही सामग्री

29 मार्च को ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आईएनएस सतपुड़ा और सावित्री से म्यांमार राहत सामग्री भेजी गई थी। जो कि अब म्यांमार पहुंच चुका है। इस सामग्री से भूकंप पीड़ितों की सहायता की जाएगी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया है कि भारतीय नौसेना के दो जहाज सामग्री लेकर म्यांमार पहुंच गए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर मंगलवार को बताया कि विशाखापट्टनम से आईएनएस घड़ियाल 442 टन राहत सामग्री को लेकर म्यांमार रवाना हो गया है।

सक्रिय हुई नौसेना और वायुसेना

भूकंप पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना और वायुसेना सक्रिय हैं। म्यांमार में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि यांगून, नेपीडॉ और मांडले तक बड़े पैमाने पर राहत सहायता पहुंचाई गई। इसके लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और भारतीय वायुसेना के छह विमानों का इस्तेमाल किया गया।

इसरो की सैटेलाइट तस्वीरों से दिखी तबाही



इसरो ने एक बयान में कहा है कि मेंडले और सेगेंग शहर में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। मेंडले में प्रमुख स्थल जैसे स्काइ विला, फेयानी पेगोडा, महामुनि पेगोडा और आनंद पेगोडा, मेंडले यूनिवर्सिटी और कई अन्य स्थानों को थोड़े से ज्यादा नुकसान हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कुछ तस्वीरें जारी की हैं, इन तस्वीरों में म्यामार में आए भूकंप से हुई तबाही साफ देखी जा सकती है।

अब तक 2700 लोगों की हो चुकी मौत

म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीडॉ में बताया कि अब तक 2,719 लोग मृत पाए गए हैं। 4,521 अन्य घायल हुए हैं और 441 लापता हैं। भूकंप से प्रभावित कई क्षेत्रों में अभी भी बचाव दल नहीं पहुंच पाए हैं। इसलिए संख्या बढ़ने की आशंका है। बचाव अभियान लगातार जारी है। राहत-बचाव कर्मियों के साथ स्थानीय लोग भी अपनों को खोजने के लिए खुद भी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी के कारण शवों से दुर्गंध आनी शुरू हो गई है।

भारत की फर्स्ट रिस्पॉन्डर भूमिका

भारत ने 29 मार्च को म्यांमार में भूकंप पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा की शुरुआत की थी। जिसके बाद भारतीय वायुसेना और नौसेना लगाता राहत सामग्री म्यांमार पहुंचा रही है। भारतीय नौसेना ने अब तक 15 टन राहत सामग्री म्यांमार पहुंचाई है। जिसमें हाइजीन किट, जनरेटर, दवाइयां, टेंट, खाने का सामान कंबल, स्लीपिंग बैग और जरूरी चीजें शामिल हैं।

खबर संक्षेप

पिता की जन्मभूमि पर जरूर जाऊंगी: सुनीता

न्यूयॉर्क। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा भारत अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है। सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सुनीता ने कहा कि मैं आपको बताना चाहूंगी कि हम जब भी हिमालय के ऊपर से गुजरे तो बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बेहद अद्भुत है। मुझे आशा और यकीन है कि मैं अपने पिता के देश (भारत) जाऊंगी और लोगों से मिलूंगी।

चीन और हांगकांग के 6 अधिकारी प्रतिबंधित

हांगकांग। अमेरिका ने चीन और हांगकांग के उन छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन पर आरोप है कि वे 'अंतरराष्ट्रीय दमन' समेत ऐसे अन्य कृत्यों में शामिल थे जिससे हांगकांग की स्वायत्तता को और नुकसान पहुंचने का खतरा था। इस पर पलटवार करते हुए हांगकांग की सरकार ने मंगलवार को प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। इस प्रतिबंध से अमेरिका और चीन में तनाव बढ़ेगा।

पिछले साल 2023-24 की तुलना में हुई 12.4 फीसदी की बढ़ोतरी

वर्ष 2024-25 में 23 हजार 622 करोड़ पर जा पहुंचा रक्षा निर्यात

रक्षा निर्यात वर्ष 2023-24 में 21 हजार 83 करोड़ था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 23 हजार 622 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचा है। इसमें पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 21 हजार 83 करोड़ रुपए की तुलना में 12.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों को एक्स पोस्ट के जरिए बधाई दी है। उन्होंने लिखा, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 23 हजार 622 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। जो कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 21 हजार 83 करोड़ रुपए पर था। उन्होंने दोनों वर्षों के दौरान हुई वृद्धि को प्रभावशाली वृद्धि बताया है। साथ ही सभी हितधारकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात को 50 हजार करोड़ रुपए तक बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



■ 50 हजार करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य

> भारत बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर सैन्य बल से विकसित होकर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने वाला देश बन गया है। बढ़ोतरी में डीपीएसयू ने 8 हजार 389 करोड़ का योगदान दिया है

आयात पर कम हुई निर्भरता

रक्षा मंत्रालय ने मामले पर एक बयान जारी कर बताया कि रक्षा निर्यात के आंकड़ों में हुई बढ़ोतरी साफ तौर पर दर्शाती है कि भारत बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर सैन्य बल से विकसित होकर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने वाला देश बन गया है। रक्षा निर्यात के आंकड़े में हुई बढ़ोतरी में डीपीएसयू ने 8 हजार 389 करोड़ (24.85 फीसदी की वृद्धि) का योगदान दिया है। बीते वित्त वर्ष में गोला बारूद, हथियार, उप प्रणालियां, प्रणालियां, कलपुर्जे जैसी वस्तुओं की व्यापक रेंज करीब 80 देशों को निर्यात की गई हैं। रक्षा उत्पादन विभाग को 1 हजार 762 रक्षा निर्यात प्राधिकरण जारी किए गए। जो पिछले साल की तुलना में 16.92 फीसदी अधिक हैं। सरकार ने रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं। निर्यात की अनुमति से जुड़ी एसओपी को सरल बनाया गया है। साथ ही निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई और प्रावधान जोड़े गए हैं।

सेना कमांडरों को आज संबोधित करेंगे राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली। सेना कमांडरों का सम्मेलन नई दिल्ली में 1 अप्रैल से शुरू हो गया है जो 4 अप्रैल तक चलेगा। सम्मेलन में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और आकलन करने तथा उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सत्र की अध्यक्षता करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। सत्र में भारतीय सेना में 'सुधारों के वर्ष' पर एक प्रस्तुति भी शामिल होगी।

तारिणी पहुंची केप टाउन

आईएनएसवी तारिणी ने नाविका सागर परिक्रमा दो अभियान के चौथे चरण को पूरा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में प्रवेश कर लिया है। यहां इसका स्वागत भारत की महावाणिज्य दूत सुश्री रूबी जसप्रीत, दक्षिण अफ्रीकी नौसेना बेड़े की चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल (जेजी) लिसा हेंड्रिक्स और प्रिटोरिया में भारत के रक्षा सलाहकार कैप्टन अतुल सपहिया ने किया।

32 दिनों के रिकॉर्ड समय में जोजिला दर्रा खोला

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने 32 दिनों तक बंद रहने के बाद रिकॉर्ड समय में जोजिला दर्रे को खोल दिया है। 1 अप्रैल, 2025 को बीआरओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने लद्दाख की ओर पहले काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जोजिला दर्रा कश्मीर घाटी को लद्दाख से जोड़ने वाले विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाले दर्रों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने की सराहना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर भारत की यात्रा की सराहना की। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा एक्स पर किए गए पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह वास्तव में रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर हमारी यात्रा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है!

छत्तीसगढ़ का महादेव सट्टा एप मामला

अब सीबीआई ने दर्ज किया केस 18 आरोपियों में पूर्व सीएम भी

एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी एफआईआर दर्ज की है। इस एफआईआर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 18 आरोपी बनाए गए हैं।

खास बात ये है कि हाल ही में सीबीआई ने इस मामले के संबंध में छापेमारी की थी। जिन लोगों के ठिकानों पर ये छापे पड़े थे उनमें कुछ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं, लेकिन उनके नाम एफआईआर में शामिल नहीं हैं। केवल दो पुलिस कर्मियों के नाम एफआईआर में शामिल हैं जो लोग पूर्व में ही पकड़े जा चुके हैं।

सौरभ और उप्पल भी

महादेव सट्टा एप जब से चर्चा और जांच एजेंसियों के निशाने पर आया है तब से इस मामले में मुख्य सूत्रधार के रूप में सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के नाम सामने आए हैं। ये दोनों आरोपी अब तक किसी भी जांच एजेंसी के शिकंजे में नहीं आए। चर्चा ये है कि ये दोनों दुबई में कहीं छिपे हैं। ये दोनों मिलाई-दुर्ग के हैं। इनके बारे में कहा जाता है कि इन्होंने महादेव एप बनाकर अरबों रुपए कमाए हैं। आरोप है कि इन लोगों ने सत्ता और पुलिस का संरक्षण हासिल करने के बड़ी मात्रा में धन बांटा है। धन पाने वालों में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से जुड़े लोग और इस सरकार के कार्यकाल में प्रभावशाली रहे कुछ अधिकारी और पुलिस कर्मियों के नाम जांच के दायरे में हैं। हाल ही में सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, समेत छत्तीसढ़ के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के घर छापे मारे थे। सीबीआई ने ये दावा किया है कि सट्टा एप पर देश भर में 60 स्थानों पर छापे मारे गए थे। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने एजेंसियों की इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया था।

ये है आरोपियों की सूची

सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में शामिल आरोपियों में क्रमानुसार नाम रवि उप्पल,शुभम सोनी, चंद्रभूषण वर्मा, असीम दास, सतीश चंद्राकर, भूपेश बघेल, नितीश दीवान, सौरभ चंद्राकर, अनिल अग्रवाल, विकास छापरिया, रोहित गुलाटी, विशाल आहूजा,धीरज आहूजा, अनिल कुमार धम्माणी, सुशील कुमार धम्माणी, भीम सिंह यादव, हरिशंकर टिबरवाल, सुरेंद्र बागड़ी। इस सूची में पुलिस कर्मी भीम सिंह यादव और चंद्रभूषण वर्मा के नाम है।

यूनुस के बयान पर पर भड़के असम के सीएम हिमंत

'चिकन नेक' गलियारे को और अधिक मजबूत करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अंतरिम बांग्लादेश सरकार के बेतुके बयान पर मंगलवार को जमकर पलटवार किया। मोहम्मद यूनुस ने ढाका को क्षेत्र में समुद्र का एकमात्र संरक्षक कहा था। इस बयान को सीएम सरमा ने अपमानजनक और कड़ी निंदा योग्य बताया। सीएम सरमा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस का बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद यूनुस के ऐसे भड़काऊ बयानों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। वे गहन रणनीतिक विचारों और दीर्घकालिक एजेंडे को लेकर चलने वाले हैं।

पूर्वोत्तर में रेलवे और सड़क नेटवर्क के नए मार्ग तलाशें

सरमा ने कहा कि चिकन नेक गलियारे के नीचे और उसके आसपास और अधिक मजबूत रेलवे और सड़क नेटवर्क विकसित करना जरूरी है। उन्होंने पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ने वाले वैकल्पिक सड़क मार्गों की तलाश और विकास को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया।

बांग्लादेश बोला- हम समुद्र के एकमात्र संरक्षक

फेसबुक वीडियो में बांग्लादेश की अंतरिक सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, भूमि से घिरे हुए हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। हम इस क्षेत्र में समुद्र के एकमात्र संरक्षक हैं।

ओडिशा में मिला सोने का बड़ा भंडार

पहली बार होगी नीलामी, मजबूत होगी अर्थव्यवस्था, नौकरी मिलेगी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा जल्द ही भारत के सोने के खनन उद्योग में एक बड़ा नाम बन सकता है। राज्य के कई जिलों में सोने के भंडार पाए गए हैं, जिससे यह क्षेत्र तेजी से खनन के लिए तैयार हो रहा है। ओडिशा के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सोने की खोज से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मंत्री जेना ने बताया कि देवगढ़, क्योंझर, मयूरभंज सुंदरगढ़, नबरंगपुर, अंगुल और कोरापुट जिलों में सोने के बड़े भंडार पाए गए हैं। इसके अलावा, मलकानगिरी, संबलपुर और बौध जिलों में भी सोने की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। इन खोजों से ओडिशा को भारत के सबसे समृद्ध खनिज क्षेत्रों में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। ओडिशा सरकार ने देवगढ़ जिले में अपने पहले सोने के खनन ब्लॉक की नीलामी की योजना बनाई है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

ट्रंप की धमकियों के बीच सरकार ने किया टैरिफ का बचाव

मंत्री बोले- हम घरेलू उद्योगों की रक्षा चाहते, अपना रहे संतुलित दृष्टिकोण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की टैरिफ नीति का मकसद व्यापार को विनियमित करना, घरेलू उद्योगों की रक्षा करना और आयातित व निर्यातित वस्तुओं पर कर लगाकर राजस्व पैदा करना है। केंद्रीय केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि विनिर्माताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए, घरेलू उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन स्थापित करते हुए टैरिफ उपायों पर निर्णय लेते समय एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाता है। सरकार ने शुल्क ढांचे को सुधारने के लिए व्यापक टैरिफ सुधार शुरू किए हैं।

कई एफटीए समझौतों की ओर बढ़ रहे

मंत्री प्रसाद ने कहा कि हालिया सुधारों में टैरिफ संरचना को सुव्यवस्थित करने और व्यापार को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है और किसी भी वस्तु लाइन पर लागू किए जा सकने वाले उसके अधिकतम टैरिफ से बंधा हुआ है।

कई देशों के साथ व्यापार वार्ता चल रही

वर्तमान में भारत 13 एफटीए और 9 पीटीए का सदस्य है, इसके अलावा यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ओमान, न्यूजीलैंड और पेरू के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। टैरिफ कम करने से, विशेष रूप से इनपुट और मध्यम मूल्य वर्ग के वस्तुओं पर मदद मिलती है।

यूएनएसडब्ल्यू के वैज्ञानिकों के नए शोध में हुआ बड़ा खुलासा

वैश्विक तापमान 4 डिग्री बढ़ने से दुनिया की जीडीपी में 40% गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि अगर वैश्विक तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है, तो वर्ष 2100 तक दुनिया की जीडीपी में 40% तक की भारी गिरावट आ सकती है। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स (यूएनएसडब्ल्यू) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध में पहले के अनुमानों की तुलना में 11% अधिक नुकसान का आकलन किया गया है। अध्ययन में बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित न करने से वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर गंभीर असर पड़ेगा, जिससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था अस्थिर हो सकती है। वैज्ञानिकों ने तापमान वृद्धि को 1.7 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की जरूरत पर जोर दिया है, जो पेरिस समझौते के लक्ष्यों के अनुरूप है और आर्थिक क्षति को कम कर सकता है।

वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.7 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखना होगा

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझने के लिए और शोध जरूरी

ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा

स्टडी में यह भी स्वीकार किया गया कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को पूरी तरह समझने के लिए अभी और शोध की आवश्यकता है। इसमें जलवायु अनुकूलन, जैसे कि बड़े पैमाने पर मानव प्रवास को शामिल नहीं किया गया है, जो एक जटिल प्रक्रिया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर दुनिया ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को तेजी से कम करे तो इस संकट को टाला जा सकता है।

बढ़ता तापमान आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करेगा

मुख्य वैज्ञानिक डॉ. टिमोथी नील के मुताबिक पारंपरिक आर्थिक मॉडल जलवायु परिवर्तन के वास्तविक प्रभावों को पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं। उन्होंने बताया कि बढ़ता तापमान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करेगा, जिससे विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित होंगी। पहले यह माना जाता था कि रूस और कनाडा जैसे ठंडे देशों को जलवायु परिवर्तन से लाभ हो सकता है, लेकिन वैश्विक व्यापार और आपूर्ति निर्भरता के कारण कोई भी देश इस प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान

'डर्टी-15' देशों पर लगाएंगे भारी रेसिप्रोकल टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के कई देशों पर जवाबी शुल्क यानी रेसिप्रोकल टैक्स लगाने का ऐलान किया है। यह उनकी सरकार का सबसे बड़ा टैरिफ कदम हो सकता है। इसे अमेरिका के मुक्ति दिवस के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। ट्रंप ने कहा कि वह 2 अप्रैल यानी बुधवार से जवाबी शुल्क की एक श्रृंखला शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसी सिलसिले में ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विदेशी नीतियों और नियमों की एक सूची जारी की, जिसे वे अपने देश के लिए व्यापार बाधा मानते हैं। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव (खजाना मंत्री) स्कॉट बेसेन्ट ने 'डर्टी-15' नामक देशों के समूह का उल्लेख किया है और कहा है कि ये वे देश हैं जो अमेरिका के 15% व्यापारिक साझेदार हैं लेकिन अमेरिकी वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगाते हैं और अन्य व्यापार बाधाएं खड़ी करते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109